2 गज दूरी
मास्क जरूरी

KPT
KUMAWAT
PRAGATI TRUST

मासिक

# कुमावत इंडिया

कुमावत प्रगति ट्रस्ट की सामाजिक पत्रिका

Email : kumawatindiapatrika@gmail.com
website : www.kumawatindiapatrika.com


वर्ष-5 | अंक-5 दिसम्बर-2021 पृष्ठ-32 मूल्य : ₹ 20.00







India's
**Harnaaz Sandhu**
has won the **70th Miss Universe 2021**






## 286 साल बाद
## नए अवतार में
## काशी विश्वनाथ
## कॉरिडोर

GSTIN. 08ARHPK9694CIZD

# जय माता दी एन्टरप्राइजेज

विक्रेता एवं निर्माता

**चन्दन एवं कदम लकड़ी की हस्तकलाएँ**

चन्दन, इत्र, धूप, धूपबत्ती, अगरबत्ती और पूजा की सभी प्रकार की सामग्री के विक्रेता



प्रो. औंकार मल कुमावत
मो. 9829183413



**सैनिक कॉलोनी-डी (सिद्धार्थ स्कूल के सामने), रींगस रोड, चौमूं, जिला जयपुर(राज.)-303702**

## कुमावत प्रगति ट्रस्ट

**पता : एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मुख्य संरक्षक | : | सुरेन्द्र कुमार वर्मा (नागा) | मो. 9414994006 |
| अध्यक्ष | : | रमेश कुमावत (गेदर) | मो. 9414554322 |
| उपाध्यक्ष | : | रामप्रकाश कुमावत एडवोकेट | मो. 9887440666 |
| सचिव | : | श्रीमती भारती तोंदवाल | मो. 9414810584 |
| कोषाध्यक्ष | : | लक्ष्मी नारायण घोड़ीवाल | मो. 9549656438 |
| सदस्य ट्रस्टी | : | सी.एम. कुमावत (बड़ीवाल) | मो. 9829056063 |
| | | हेमचन्द खड़गटा | मो. 9351682036 |
| | | मनोज सिरस्वा | मो. 9414043127 |
| | | रामप्रकाश कुमावत (मारवाल) | मो. 9414074376 |
| | | जयकिशन सोकिल | मो. 9829125428 |
| | | चेतन बालोदिया | मो. 9414052736 |
| सलाहकार | : | गिरधारी लाल सिंघनवाल | मो. 9414263429 |

**सम्पादक मण्डल :** रामप्रकाश कुमावत (मारवाल) सम्पादक - 9414074376, जयसिंह गुड़ीवाल सह-सम्पादक 9461343432, गौरव अजमेरा 9829488824, प्रमोद कुण्डलवाल 9414362169 **पदेन सदस्य :** अध्यक्ष, सचिव एवं प्रकाशक।

**व्यवस्थापक मण्डल :** महेश चन्द जलान्धरा 9828118789, चन्द्र प्रकाश अजमेरा 9928088815, लालचन्द धुंधारिया 9413335998, सुरेन्द्र मारोठिया 9314820385, राजेश धुंधारिया 9314506330, राजेश कुमावत (मरोडिया) 9829097496, श्रीमती राजबाला बिर्थला 7976475370, प्रभुदयाल तुनगरिया किशनगढ़ 9680931428 एवं खेमचंद खड़गटा 9829140629

**पत्रिका सहयोगी :**

**छत्तीसगढ़ :** रमेश कुमार तुनवाल **मो. 9425234397** **दिल्ली :** राधेश्याम घासोलिया **मो. 9818711580** **सूरत :** शुभकरण किरोड़ीवाल **मो. 9898097444** **वापी :** कृष्णगोपाल **मो. 9824892299** **मुम्बई :** विजय किरोड़ीवाल, **मो. 9867177188** **जींद (हरियाणा) :** बलवीर सिंह वर्मा **मो. 9355322301** **कोटा :** चन्द्र प्रकाश कांकर **मो. 9214983402** **सीकर :** रामगोपाल भोड़ीवाल **मो. 9610784657** **उदयपुर :** घनश्याम पटवा **मो. 9460913044**, दयाशंकर रावड़िया **मो. 9414391034** **ब्यावर :** नरेन्द्र आर्य **मो. 8107944493** **किशनगढ़ :** नन्दकिशोर पारमवाल **मो. 9667090499** **बगरू :** चेनसुख बड़ीवाल **मो. 9929012957** **सांगानेर :** सोहनलाल अजमेरा **मो. 9636860812** **इंदौर :** नेमीचंद कारवाल **मो. 9993998645** **प्रोसेसिंग व मुद्रक :** राज ब्लॉक्स, चौड़ा रास्ता, जयपुर



**सदस्यता शुल्क रु. : विशिष्ट संरक्षक- 5000, संरक्षक-3000, 10 वर्षीय-1300 एवं 5 वर्षीय-600**

**विज्ञापन दरें : अंतिम कवर पृष्ठ-3500, कवर पृष्ठ अन्दर, 3000, अन्दर 1 पृष्ठ-2500, 1/2 पृष्ठ-1300, 1/4 पृष्ठ-700**

**नोट 1 :** संरक्षक सदस्य को आजीवन (25 वर्ष) तक पत्रिका प्रेषित व 1 बार मय फोटो परिचय प्रकाशन, विशिष्ट संरक्षक का आजीवन पत्रिका व प्रत्येक अंक में 10 वर्ष तक नाम का प्रकाशन।

**नोट 2.** 12 विज्ञापन निरन्तर देने पर 2 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किये जायेंगे। 6 विज्ञापन निरन्तर देने पर 1 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किया जायेगा।

**बैंक खाता : कुमावत प्रगति ट्रस्ट, संख्या 13850110020562 यूको बैंक, गांधी सर्किल, जयपुर, IFS Code : UCBA0001385**

यदि राशि सीधे बैंक खाते में स्लिप/ऑनलाइन जमा कराई गई है तो कृपया व्हाट्सएप नं. 9549656438 पर सूचित अवश्य करें।



**स्वत्वाधिकार :** कुमावत प्रगति ट्रस्ट के लिए प्रकाशक, मुद्रक सी.एम. कुमावत द्वारा राज ब्लॉक्स, बी-81, करतारपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018 से प्रकाशित सम्पादक राम प्रकाश कुमावत (मारवाल)


## सम्पादकीय



परिवार में बच्चों की सही परवरिश के लिए सबसे प्रभावशाली शैली उनके साथ प्यार और स्नेह पूर्ण व्यवहार है बच्चों को प्यार से जो बात समझाई जा सकती है वह हिंसात्मक व्यवहार और भय उत्पन्न करके नहीं सिखाई जा सकती। देखा गया है कि छोटे बच्चों को मोबाइल में वीडियो चलाकर महिलाएं अपने काम में व्यस्त हो जाती है। धीरे धीरे वह छोटा बच्चा इसका आदि हो जाता है। एंड्राइड फोन का उपयोग करते हुए वह इसे ऑपरेट करना भी सीख जाता है। जानकारी के लिए मैं बताना चाहता हूं कि जब मोबाइल को ऑन करते हैं तो उसमें एक प्रकार का माइक्रो इवेंट पैदा होता है फलस्वरूप हमारे दिमाग में एक केमिकल टोपामीन स्रावित होता है। उपयोगानुसार इस केमिकल की मात्रा बढ़ती जाती है। स्क्रीन पर गाने, कविता, कहानी, पिक्चर, वीडियो गेम आदि देखने पर सुखद अनुभूति होती है।

डॉ. एम. वली MBBS, MD, FACC,FRCP, MRCP, FIMEA ने बताया कि सिगरेट, शराब, भांग, चरस आदि का उपयोग करने वालों को अलग अलग तरह का प्लेजर क्रिएट होता है और इनमें तीन-चार घंटे में जितना प्लेजर इवेंट पैदा होता हैं वह एक वीडियो गेम मात्र दो मिनट में क्रिएट कर देता है। इस एंड्राइड मोबाइल के स्क्रीन जहर को, हमें समझना होगा।

बच्चों के साथ बात करने में, खेलने में, उन्हें गले लगाने आदि हर कार्य के माइक्रो इवेंट, प्लेजर के साथ-साथ हैप्पीनेस भी पैदा करते है, फल स्वरूप हमारे दिमाग में ऑक्सीडेशन होता हैं और हम प्रसन्नता का अनुभव करते हैं। मोबाइल फोन उपयोग से धीरे-धीरे ऐसा समय आएगा कि बच्चे के दिमाग में उत्पन्न टोपामीन की आवश्यकता इतनी ज्यादा हो जाएगी कि वह वीडियो स्क्रीन गेम आदि के द्वारा भी उसकी पूर्ति नहीं कर पाएगा। ऐसी स्थिति में वह 'चाइल्डहुड डिप्रेशन' का शिकार हो सकता है। मोबाइल की इसी लत के कारण बच्चे एग्रेशन (हिंसक व्यवहार) करने लगते है।

कोरोना के कारण बीते 2 वर्ष में ऑनलाइन क्लासेज से हर बच्चे के हाथ में मोबाइल फोन आ गया है, नतीजा बच्चा ऑनलाइन क्लासेज के अलावा चार-पांच घंटे से अधिक मोबाइल का उपयोग करने लग गया है। बच्चों को करने के लिए अनेक एक्टिविटीज होती है जैसे खेलना-कूदना, गुड़िया के साथ खेलना, क्राफ्ट बनाना, दोस्तों की साथ मस्ती करना, तितली पकड़ना आदि। लेकिन हमने मोबाइल देकर उसे इन तमाम चीजों से दूर कर दिया। प्राय: ऐसा देखा गया है कि अब बच्चों को ये चीजें आकर्षित नहीं करती है ओर वे बोर हो जाते है।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार देश में वर्ष 2019 के मुकाबले 2020 में बच्चों के खिलाफ साइबर क्राइम के मामलों में ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। यह परिणाम मोबाइल का दूसरा ख़राब पहलू है। वास्तविकता यह है कि इसका उचित उपयोग करने पर मोबाइल ज्ञान का भंडार है। अभिभावकों को बच्चों के मोबाइल उपयोग की मानिटरिंग करनी चाहिए वह क्या कंटेंट देख रहा है। कब- कब ऑनलाइन क्लासेज का समय है।

मैं, नववर्ष पर अपील करता हूं हम स्वयं मोबाइल का उपयोग आवश्यकता पड़ने पर ही करें और व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्टेटस आदि के लिए समय निर्धारित कर, इंफॉर्मेशन कम्युनिकेशन के अलावा इसका उपयोग कम से कम करें ताकि आज की इस जटिल समस्या से छुटकारा पा सके।

आशा है नववर्ष में कोरोना महामारी का अन्त हो जाएगा तथा व्यापार-उद्योग एवं सेवा क्षेत्र फिर से अपने चरम पर पहुंचकर सुखद अनुभूति देंगे।

**'कुमावत इंडिया'** परिवार की ओर से आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। जय हिंद!

**- रामप्रकाश कुमावत (मारवाल)**

हमारी वेबसाइट www.kumawatindiapatrika.com पर आप 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के पिछले अंक व अन्य विवरण देख सकते हैं।


| | |
|---|---|
| सम्पादकीय | 3 |
| कुमावत इंडिया पत्रिका की अपील: पतंगबाजी का मजा किसी के लिए सजा न बन जाए | 4 |
| मोहन कुमार बालोदिया का 'कृष्णा कृष्णा बोल' भजन यू-ट्यूब पर रिलीज | 5 |
| खुशी कुमावत ने स्वर्ण पर लगाया निशाना जीते तीन स्वर्ण पदक | 5 |
| कुमावत युवाशक्ति का प्रशिक्षण शिविर संपन्न | 5 |
| राजस्थान क्षत्रिय कुमावत युवाशक्ति समिति (रजि.), जयपुर राकेश कुमावत, प्रमोद कुमावत व अभिषेक कुमावत, गगन गुडीवाल को पदाधिकारी बनाया | 5 |
| यादों के झरोखे से | 6 |
| एक रुपया शगुन लेकर बिना दहेज शादी की, बहु को श्वसुर ने गिफ्ट में गाड़ी दी | 7 |
| स्वामिनी सेवा संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन | 7 |
| निर्मल कुमावत, विधायक को गुजरात ओबीसी मोर्चा का प्रभारी बनाया गया | 7 |
| हरनाज कौर संधू मिस यूनिवर्स बनी | 7 |
| देवाशुं कुमावत ने जीते 2 स्वर्ण | 7 |
| आगजनी के पीड़ित की मदद को आगे आया सामाजिक समूह | 8 |
| नव दम्पतियों से पौधारोपण कराकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया | 8 |
| एडवोकेट भागचंद कुमावत ड्रापबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव नियुक्त | 8 |
| लादूराम कुमावत गौशाला के पुन: अध्यक्ष बनाये गए | 8 |
| डॉ. भावेश कुमावत को राष्ट्रीय शिक्षक रत्न समता अवार्ड | 8 |
| गरिमा कुमावत के शोध का ICSSR में चयन | 8 |
| ममता कुमावत का राष्ट्रीय सीनियर फुटबॉल टीम में चयन | 9 |
| विकास ने रजत के बाद जीता गोल्ड | 9 |
| धुरी कुमावत का राज्य स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान | 9 |
| अलका कुमावत का होम मिनिस्ट्री डिपार्टमेंट में चयन | 9 |
| राज्य स्तरीय जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु जिला टीम में बसंत व जीतमल कुमावत का चयन | 9 |
| खुशी कुमावत ने स्वर्ण पर लगाया निशाना जीते तीन स्वर्ण पदक | 9 |
| महिला सशक्तिकरण : स्वाति कुमावत | 10 |
| बेटी के विवाह पर किया आर्थिक सहयोग | 10 |
| रामप्रसाद कुमावत की देखरेख में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन | 10 |
| बैलगाड़ियों से दुल्हन के घर गई बारात | 10 |
| राज्य स्तरीय सम्मानित शिक्षक परमेश्वर का अभिनंदन | 11 |
| श्री कृषि महाविद्यालय, मंडावा में मनाया गया राष्ट्रीय कृषि शिक्षा दिवस | 11 |
| ऋषभ कुमावत ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की तस्वीर भेंट की | 11 |
| डॉ. सोमेश्वर कुमावत सफदरगंज अस्पताल में चयनित | 11 |
| उषा कुमावत भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष बनी | 11 |
| श्री कुमावत क्षत्रिय विकास संगठन, मुंबई का 13 नवम्बर, 2021 को दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम का सफल आयोजन | 12 |
| श्री बी.एल.नागा जनकल्याण चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा जर्सी वितरण | 12 |
| भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा (रजि.) उ.प्र. जोन चुनाव निर्वाचन प्रमाण पत्र वितरित कार्यक्रम | 12 |
| नववर्ष : शुभकामना संदेश | 13 |
| वर्ष 2022 और भारत | 14 |
| नया साल | 14 |
| श्री कुमावत क्षत्रिय विकास संगठन, मुम्बई के दीपावली स्नेह मिलन की झलकियां | 16-17 |
| ईश्वर की साझेदारी : नववर्ष के संकल्प | 19 |
| क्षत्रिय कुमावत समाज को मिला नवनिर्मित मांगलिक भवन | 19 |
| सदियों पुराना है पतंगबाजी का इतिहास-भगवान राम ने भी उड़ाई थी पतंग | 20 |
| ऐसे करें नव वर्ष का स्वागत | 21 |
| काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण | 22 |
| उर्वशी बालोदिया की कलम से : नववर्ष का संदेश | 22 |
| विभिन्न संस्थानों में नई भर्तियों हेतु आवेदन आमंत्रित | 23 |
| नई साल मँ अरज | 23 |
| विशिष्ट संरक्षक/श्रद्धांजलि | 25 |
| विवाह योग्य युवक-युवतियों की सूची | 26 |
| लोकेश कुमावत शहीद | 27 |
| कांकरोली कुमावत समाज ने वसुधंरा राजे का स्वागत किया | 28 |
| कांकरोली कुमावत समाज ने वसुधंरा राजे का स्वागत किया | 28 |
| नरेश कुमावत ने CDS बिपिन रात की मूर्ति बनाई | 28 |
| श्रद्धांजलि विज्ञापन | 29 |


# कुमावत इंडिया पत्रिका की अपील: पतंगबाजी का मजा किसी के लिए सजा न बन जाए

मकर संक्रान्ति पर पतंग उड़ाने की परम्परा है। हर वर्ष यह पतंगबाजी कितने ही निर्दोष पक्षियों को घायल करती है और मासूमों की जान ले लेती है। ये मासूम पक्षी ही हैं जो सबके आंगन में एक-सी खुशी लेकर उतरते हैं, हर वृक्ष को अपना घर समझ हमारी सुबह-शाम रोशन करते हैं. इनकी राहें उसी आसमां से होकर गुजरती हैं जहाँ हम काँच लगे मांजे का नेटवर्क बिछाने में पल भर के लिए भी नहीं हिचकिचाते। इन बेजुबान परिन्दों के बारें में भी सोचना चाहिए। ये बेजुबान बिना डरे, बिना रूकावट के खुले आसमान में चैन से उड़ सके। क्योंकि खुले आसमान में विचरण करने का अधिकार इनका ही है। अगर कुछ बातों का ध्यान रखा जाये तो इन हादसों को कम किया जा सकता है। अत: 'कुमावत इंडिया' पत्रिका आपसे अपील करती है कि-



1.सुबह और शाम के समय पतंग उड़ाने से बचा जाए क्योंकि यह पक्षियों की आवाजाही का समय होता है, 2. कांच लगा मांझा इस्तेमाल न करें, 3. पतंग उड़ाते समय यदि कोई पक्षी मांझे की चपेट में आ जाता है तो डोर खींचने की बजाय ढीली छोड़ दें, 4. घायल पक्षियों की रक्षा, देखभाल करने वाली संस्थाओं के नंबर अपने पास अवश्य रखें, 5. दुपहिया वाहन पर लोहे का गार्ड लगवा लें तथा वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें। वाहन गति बहुत तेज न रखें। अगर आपके साथ बच्चा हो तो उसे आगे खड़ा न रखकर पीछे ही बिठाएं, 6. पतंग कटने के बाद मांझे को बिना समेटे ऐसे ही न छोड़ें, उसे पूरा समेटकर रखें। ताकि बीच में लटके मांझे से कोई पक्षी या राह चलते व्यक्ति को नुकसान न हो, 7. बच्चों को बीच सड़क पर पतंग कभी न उड़ाने दे एवं 8. जहां बिजली के तार और खंभे लगे हों ऐसी जगह पर भी पतंगबाजी नहीं करें।

पतंग अवश्य उड़ाएं पर उपर्युक्त सावधानियां बरतना सुनिश्चित करें तथा छत पर जाकर पूडी-पकौड़ी, फीणी, जलेबी व तिल से बने स्वादिष्ट व्यंजनों का अपने परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों के साथ भरपूर स्वाद लेकर आनन्द लें। त्योहार को पूरे जोश और उल्लास के साथ मनायें। **सभी समाजजनों को नववर्ष-2022 तथा मकर संक्राति की हार्दिक शुभकामना।**

-**रमेश गैदर**, अध्यक्ष, कुमावत इंडिया पत्रिका, जयपुर

## मोहन कुमार बालोदिया का 'कृष्णा कृष्णा बोल' भजन यू-ट्यूब पर रिलीज

सुरों के सरताज, समाज की शान, और अपने सुरों से मंत्र मुग्ध करने देने वाले प्रसिद्ध गायक मोहन कुमार बालोदिया व उनके साथियों द्वारा गाया भजन '**कृष्णा कृष्णा बोल**' यू-ट्यूब पर रिलीज किया गया। भजन के लेखक व गायक मोहन कुमार बालोदिया है। भजन के रिलीज होने के कुछ घंटों बाद ही सोशल मीडिया पर भजन वायरल हो गया जिसे अत्यधिक सराहा गया। इस अवसर श्री बालोदिया ने कहा कि मेरे भजन को यूट्यूब पर अधिक से अधिक सब्सक्राइव, लाइक व शेयर करें। डायमण्ड बालोदिया आर्केसट्रा के डायरेक्टर एवं सदाबहार गायक मोहन कुमार बालोदिया को ''कृष्णा कृष्णा बोल'' के हिट होने पर बधाई।




## खुशी कुमावत ने स्वर्ण पर लगाया निशाना जीते तीन स्वर्ण पदक

जयपुर में दिनांक 15 से 20 नवम्बर तक आयोजित 65वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी तीरंदाजी चैंपियनशिप में जयपुर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते।

खुशी ने रिकवर राउण्ड 17 वर्ष आयु वर्ग में 60 मीटर से निशाना लगाते हुए तीन स्वर्ण पदकों पर कब्जा किया। खुशी को खेल मंत्री अशोक चांदना एवं अर्जुन अवार्डी तीरंदाज रजत चौहान ने स्वर्ण पदक व 2100 रुपये देकर सम्मानित किया।



## कुमावत युवाशक्ति का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

अजमेर। राजस्थान क्षत्रिय कुमावत युवाशक्ति समिति का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर तेजस्विनी होटल विजय नगर अजमेर में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण कर किया गया। कार्यक्रम में उदघोष, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं रूपरेखा पर चर्चा की गई। दूसरे दिन प्रशिक्षण शिविर में कार्यक्रम की शुरुआत राम स्तुति एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। आयोजन के मुख्य दो उद्देश्य रखे गए जिनमें शिक्षा और बिजनेस डेवलपमेंट मुख्य रूप से थे। संगठन के विस्तार एवं क्षेत्र पर चर्चा की गई, टीम के विजन पर भी कार्य किया गया और युवा शक्ति के संविधान की सभी पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों को शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि DSP श्री प्रभु लाल कुमावत (अजमेर एसीबी) थे। इस दौरान डॉ महेश कुमावत, लीगल एडवाइजर (कृषि विभाग जयपुर), तेजस्विनी होटल (श्री संजय जी कुमावत), बिजनेस डेवलपमेंट एडवाइजर (श्री मुकेश कुमावत) एवं प्रदेश अध्यक्ष नवरतन मोरवाल उपस्थित थे।



## राजस्थान क्षत्रिय कुमावत युवाशक्ति समिति (रजि.), जयपुर


## राकेश कुमावत, प्रमोद कुमावत व अभिषेक कुमावत, गगन गुडीवाल को पदाधिकारी बनाया

राजस्थान क्षत्रिय कुमावत युवाशक्ति समिति (रजि.) ने राकेश कुमार कुमावत को जिला वरिष्ठ विधि सलाहकार, प्रमोद कुमावत, अभिषेक कुमावत को आई.टी. सेल सदस्य व गगन कुमावत को जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष पंकज सिरोहिया ने बताया कि राकेश कुमार कुमावत विधि विशेषज्ञ, सामाजिक कार्यकर्त्ता, सरल स्वभाव, कर्मठ, जुझारू, युवा व ऊर्जावान व्यक्ति है।

श्री कुमावत राजस्थान उच्च न्यायालय तथा राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण में एडवोकेट (सर्विस मेटर) वर्ष 1999 से कार्यरत हैं। प्रमोद कुमावत Future Profilez Pvt. Ltd., Digital Marketing (TL) एवं अभिषेक कुमावत DB Gennie Pvt. Ltd., Sr. Software Developer के पद पर कार्यरत है। इनके कार्य करने की शैली के कारण ही राजस्थान क्षत्रिय कुमावत युवाशक्ति समिति ने इनको यह जिम्मेदारी सौंपी हैं। राकेश कुमार कुमावत, प्रमोद कुमावत, अभिषेक कुमावत तथा गगन गुडीवाल को '**कुमावत इंडिया**' परिवार की ओर से आपको हार्दिक बधाई।


राकेश कुमावत


प्रमोद कुमावत


अभिषेक कुमावत


गगन गुडीवाल



# अलविदा 2021   यादों के झरोखें से- 2021   शुभ स्वागतम् 2022

'**बीता हुआ समय वापस नहीं आता।**' समय का इंतजार इंसान तो कर सकता है, लेकिन समय इंसान का इंतजार नहीं करता। समय का प्रवाह अविरल है। समय मुट्ठी में बंद रेत की तरह फिसलता जाता है। दरअसल, वक्त को जाते वक्त नहीं लगता। नववर्ष अपने दामन में कुछ न कुछ नयी उम्मीदें, सौगातें, सपने एवं अवसर समेटकर लाता है। एक ओर साल हमसे विदा हो रहा है और नववर्ष 2022 दस्तक दे रहा है। पूरी दुनिया साल 2021 में भी कोरोना महामारी से जूझती रही। कोरोना ने हमसे हमारे अनेक अजीज लोगों को छीना। जहाँ आने वाले नए साल में नई इच्छाओं के पूरे होने की उम्मीदें रहती हैं तो वहीं साल में तरह-तरह की चुनौतियों से भी सामना करना पड़ता है।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका का सदैव प्रयास रहा है कि समाज की सच्ची और निष्पक्ष खबरें आप तक पहुंचाये। लॉकडाउन के कारण अनेक परेशानियों के बावजूद 'कुमावत इंडिया' पत्रिका ने समाज की सही और सच्ची खबरें आप तक पहुचाँई है। वर्ष 2021 में हमने बहुत कुछ खोया। जिसकी क्षतिपूर्ति शायद संभव ना हो। कुमावत इंडिया पत्रिका ने '**यादों के झरोखें से-2021**' के माध्यम से प्रयास किया है कि वर्ष 2021 में जो महत्वपूर्ण समाज की घटनायें हैं उनको एक साथ आपके समक्ष प्रस्तुत की जाये। आशा है आपको अवश्य पसंद आयेगी-

## जनवरी-21

1. नीमच। नीमच के पंकज कुमावत को लगा पहला कोरोना टीका- नीमच में जिला अस्पताल के वार्ड बॉय पंकज कुमावत को कोरोना वैक्सीन का पहला टीका लगवाने का गौरव प्राप्त हुआ।
2. दहमीकलां/नाथद्वारा। श्री महादेव चोरासिया का 4.1.21 को आकस्मिक निधन-नाथद्वारा में श्रीनाथ मंदिर के प्रमुख कीर्तनकार वयोवृद्ध श्री तोलाराम जी कुमावत का 96 वर्ष में निधन हो गया।
3. उदयपुर। प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न- उदयपुर के ज्योति शिक्षण संस्थान के विवेकानन्द सभागार में कुमावत समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री जी.एस. टॉक महापौर उदयपुर ने की।
4. **जयपुर। टीम चेतन धुंधारिया द्वारा नववर्ष स्नेह मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन** किया गया, मुख्य अतिथि माननीय सतीश पूनियां भाजपा प्रदेशाध्यक्ष थे। कार्यक्रम में समाज के नगर निगम चुनाव में पार्षद प्रत्याशी व विजयी पार्षदों का सम्मान भी किया गया।
5. जयपुर। रोहन कुमावत ने राष्ट्रीय जूनियर एवं यंग इक्वस्ट्रियन (घुड़सवारी) चैम्पियनशिप जीती।

## फरवरी-21

1. जयपुर। टीम चेतन धुंधारिया की अनूठी पहल- टीम चेतन धुंधारिया द्वारा राबाउमा विद्यालय, जाहोता, जयपुर को वाई-फाई करने की घोषणा की।
2. **जयपुर। जन्मदिन पर पौधे लगाकर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश**- जयसिंह गुडीवाल ने अपने जन्मदिन पर राबाउमावि, जाहोता में पौधे लगाये व विद्यालय को 6 पंखे भेंट किये।
3. **जयपुर। श्री भीवाराम कुमावत व पन्नालाल कुमावत ने** श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए 21 लाख रुपये का चैक दिया।
4. फुलेरा। आशा कुमावत ने जीते 2 गोल्ड मेडल- ओम फिटनेस क्लब द्वारा आयोजित जिला स्टैंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता, फुलेरा जयपुर में आशा कुमावत ने 2 गोल्ड मेडल जीते।

## मार्च-21

1. कुचामन। कल्पना कुमावत का राष्ट्रीय बॉलीबाल टीम में चयन- कल्पना कुमावत निवासी कुचामन का राष्ट्रीय सीनियर बॉलीबाल टीम में चयन हुआ।
2. जयपुर। कुमावत क्षत्रिय समाज विकास समिति, मालवीय नगर, जयपुर की नवीन कार्यकारिणी ने शपथ ली- रमेश गैदर व उनकी कार्यकारिणी ने शानदार जीत हासिल की। शपथग्रहण कर नवीन कार्यकारिणी ने कार्यभार संभाला।
3. जादूगर आंचल कुमावत सम्मानित- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संपर्क राजस्थान सरकार द्वारा होटल ग्रांड सफारी में सम्मान समारोह आयोजित कर जादू के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियाँ हासिल करने पर सम्मानित किया गया।
4. नवरतन मोरवाल बने निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष- राजस्थान क्षत्रिय कुमावत युवा शक्ति के नवरतन मोरवाल निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये।
5. **सुनील कुमावत** नेहरू युवा केन्द्र के संगठन सदस्य- जयपुर निवासी सुनील कुमावत को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नेहरू युवा केन्द्र की सलेक्शन कमेटी में सदस्य मनोनित किया गया।
6. **मोनिका कुमावत का भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयन**- मोनिका कुमावत का भारतीय महिला क्रिकेट टीम में दक्षिण अफ्रीका के विरूद्ध होने वाली श्रृंखला में चयन किया गया।
7. जयपुर। टीम चेतन धुंधारिया व श्री श्याम सेवक परिवार, जयपुर द्वारा भजन संध्या '**एक शाम श्याम साँवरे के नाम**' का आयोजन किया गया जिसमें अनेक गणमान्य बंधुओं ने शिरकत की।

शेष पृष्ठ 15 पर....

# एक रुपया शगुन लेकर बिना दहेज शादी की, बहु को श्वसुर ने गिफ्ट में गाड़ी दी



राष्ट्रीय स्तर के मंच उद्घोषक एवं राज्य स्तरीय पुरस्कृत वरिष्ठ शिक्षक पी.डी. कुमावत जो महात्मा गांधी राजकीय स्कूल अंग्रेजी माध्यम दांता सीकर में सेवारत स्काउटर हैं तथा करड़ (सीकर) के निवासी हैं, ने अपने पुत्र लोकेश कुमावत की 19 नवम्बर, 2021 को वैद्य की ढाणी राणोली, सीकर की सौ.कां. सपना से शादी की। शादी में शगुन केवल एक रुपया लेकर तथा बीना दहेज के धूमधाम एवं हर्षोल्लास से शादी हुई।

शादी के इस अवसर पर दुल्हन सपना के श्वसुर शिक्षक पी.डी.कुमावत ने अपनी बहु को एक आल्टो कार गिफ्ट में देकर अनूठा उदाहरण दिया है जिसकी कुमावत समाज के गणमान्य लोगों ने अत्यधिक प्रशंसा की है। श्री पी.डी. कुमावत की इस पहल से कुमावत समाज के लोग अवश्य प्रेरणा लेंगे तथा दहेज जैसी बुराई का समाज से खात्मा होने में यह पहल सहयोगी होगी। श्री पी.डी. कुमावत तथा उनके परिवार को विवाह के उपलक्ष्य में **'कुमावत इंडिया'** की ओर से हार्दिक बधाई।

# स्वामिनी सेवा संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



जयपुर। स्वामिनी सेवा संस्था द्वारा प्रतिष्ठा ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन बंदडेश्वर महादेव मंदिर, कुमावत कॉलोनी, सोडाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिविल लाइन विधायक व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास थे। संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमावत ने बताया कि स्वामिनी सेवा संस्था द्वारा यह चौथे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें कुल 65 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रक्तदान शिविर में राजकुमार शर्मा, गोविंद वर्मा, किशन कुमावत, गुरुदयाल वर्मा, महेंद्र कुमावत, रूडमल कारगवाल, कुमावत इंडिया पत्रिका के सह संपादक जयसिंह गुडीवाल तथा खेमचंद खड़गटा उपस्थित थे।

# निर्मल कुमावत, विधायक को गुजरात ओबीसी मोर्चा का प्रभारी बनाया गया



फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवम भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री निर्मल जी कुमावत को गुजरात ओबीसी मोर्चा प्रभारी बनाया गया है। आपको नवीन एवम अतिरिक्त दायित्व मिलने पर कुमावत समाज एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। 'कुमावत इंडिया' पत्रिका आपके सुखद एवम उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

# देवाशुं कुमावत ने जीते 2 स्वर्ण



राजस्थान स्टेट किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में देवाशुं कुमावत ने 2 स्वर्ण पदक जीते हैं। प्रतियोगिता में राजस्थान के चीफगेस्ट राजेन्द्र सिंह गुड्डा भी मौजूद रहे। कोच संसई हिम्मत स्वामी ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता 27 से 30 दिसम्बर को होने वाली नेशनल किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप पुणे, महाराष्ट्र में हिस्सा लेंगे। देवाशुं कुमावत को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार की ओर से शुभकामनाएँ।

# हरनाज कौर संधू मिस यूनिवर्स बनी



इजराइल के इलियट में आयोजित 'मिस यूनिवर्स – 2021' प्रतियोगिता में भारत की 21 वर्षीय हरनाज कौर ने खिताब जीतकर, ऐसा करने वाली तीसरी भारतीय बनी। पहले सुष्मिता सेन वर्ष 1994 व लारा दत्त ने वर्ष 2000 में यह खिताब जीता था। 21 वर्ष बाद भारत के पास मिस यूनिवर्स का ताज पुनः आया है।

हरनाज का कहना है कि 1 .खुद पर विश्वास करें। 2. दूसरों के साथ अपनी तुलना करना बंद करें और दुनिया भर में हो रही अधिक महत्वपूर्ण चीजों के बारे में बात करें। 3. बाहर निकले अपने लिए बोले क्योकि तुम अपनी जिंदगी के लीडर हो, आप खुद अपनी आवाज हो, मुझे खुद पर विश्वास था इसलिए मैं आज यहां खड़ी हूँ। हरनाज कौर को यह खिताब जीतने पर बधाई।

## आगजनी के पीड़ित की मदद को आगे आया सामाजिक समूह



गत दिनों आगजनी में ओंकारमल कुमावत का कच्चे मकान, घरेलू सामान, आभूषण, खाद्य सामग्री व कपड़ों सहित सब कुछ जलकर राख हो गया था। घटना की जानकारी मिलते ही कुमावत समाज के सोशियल ग्रुप ''अपना समाज 2018'' कुचामन नावां व कुम्हार कुमावत सरकारी कर्मचारी संघ कुचामन नावां के द्वारा पीड़ित परिवार को 76 हजार रुपए व घर में काम आने वाली आवश्यक खाद्य सामग्री, कपड़े व बर्तन आदि देकर सहयोग किया। इस अवसर पर समाजसेवी राजकुमार फौजी, बाबूलाल दुबलदिया नावां, मुकेश सोकल हिरानी, राजूराम घोड़ेला, मुकेश दादरवाल, नरेन्द्र धुमानिया, महेश दादरवाल, रतन राहोरिया, महेश पिपलोदा, हंसराज आइथान, मुकेश घोड़ेला, लक्ष्मण निमीवाल, विकास दादरवाल, मुकेश पिपलौदा, महेन्द्र सोकल, धनेश पलाड़ा, तरुण बारवाल, हरीश छापरवाल, मोहनलाल, संजीव निमीवाल, लक्ष्मण कुमावत सहित समाजबंधु उपस्थित रहे।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका 'अपना समाज 2018' सोशल ग्रुप द्वारा की गई मदद की सराहना करती है।

## नव दम्पतियों से पौधारोपण कराकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया



पाली, सिरोही व जालोर जिलों में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित 'एक व्यक्ति एक पौधा' अभियान के तहत सुमेरपुर में पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत की टीम विवाह स्थलों पर पहुँच कर नव विवाहित जोड़ों को प्रेरित कर पर्यावरण बचाने का संकल्प दिलाया तथा उन्होंने 11 नव दम्पतियों से गमलों मे पौधा रोपण करवाया इस अभियान की विवाह समारोह में पधारे हुए सभी लोगो ने तारीफ की व अभियान में सहयोग किया।

## एडवोकेट भागचंद कुमावत ड्रापबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव नियुक्त

एडवोकेट भागचंद कुमावत ड्रापबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव नियुक्त किये गये हैं। इस अवसर पर जगतपुरा में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अधिवक्ता संजय श्रीवास्तव ने उन्हें सम्मानित कर बधाई दी। 'कुमावत इंडिया' परिवार की ओर से एडवोकेट भागचंद कुमावत को संयुक्त सचिव बनाये जाने पर हार्दिक शुभकामनाएँ।



## लादूराम कुमावत गौशाला के पुनः अध्यक्ष बनाये गए

श्री कृष्ण गौशाला समिति, जोबनेर की बैठक हुई 71 सदस्यों ने भाग लिया। समिति ने लेखाजोखा रखा। सभी ने समिति के सदस्यों के कार्यो की प्रशंसा की गई तथा अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से पुनः 2 वर्ष के लिए श्री लादूराम कुमावत को चुना गया। इस अवसर पर फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत भी उपस्थित थे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष व समिति सदस्यों का सर्वसमाज के लोगो ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। अध्यक्ष कुमावत ने गौशाला के लिए सहयोग करने व समर्पित रहकर कार्य करने का आग्रह किया। इस अवसर पर सवा लाख रुपये की राशि गौ भक्तों ने भेंट की।

## डॉ. भावेश कुमावत को राष्ट्रीय शिक्षक रत्न समता अवार्ड



समता साहित्य अकादमी का महाराष्ट्र की मेजबानी में होने वाले राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय समता परिषद सम्मेलन 2021 में उदयपुर के डॉ. भवेश कुमावत सहायक आचार्य को राष्ट्रीय शिक्षक रतन समता अवार्ड से सम्मानित किया गया है। **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से इन्हें बधाई।

## गरिमा कुमावत के शोध का ICSSR में चयन



गरिमा कुमावत निवासी सवाईमाधोपुर का चयन वर्ष 2021-22 की डॉक्टरल फेलोशिप, ICSSR के लिए हुआ है। गरिमा राजनीति शास्त्र एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध विषय में चयनित होने वाले दस विद्यार्थियों में से राजस्थान से चयन होने वाली एकमात्र छात्रा है। वर्तमान में गरिमा जोधपुर की सरदार पटेल पुलिस सुरक्षा एवं दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही हैं। गरिमा कुमावत प्रतिभावान छात्रा हैं तथा स्नातक स्तर पर आपने विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था।

गरिमा कुमावत के इस गरिमामय चयन के लिए 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई।

## ममता कुमावत का राष्ट्रीय सीनियर फुटबॉल टीम में चयन




दांतारामगढ़ बेटी ममता कुमावत का राष्ट्रीय महिला सीनियर फुटबॉल चैंपियनशिप हेतु टीम में चयन हुआ है। ममता कुमावत, श्री परमेश्वर लाल कुमावत की पुत्री है। यह केरल में होने वाली चैंपियनशिप में राजस्थान की ओर से खेलेंगी। सीकर जिले में एकमात्र खिलाड़ी है जिसका चयन हुआ है, जो गर्व की बात है।

कुमावत इंडिया पत्रिका की ओर से ममता कुमावत के राष्ट्रीय टीम में चयन पर बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना।



## विकास ने रजत के बाद जीता गोल्ड

बहरीन में आयोजित एशियन यूथ पैरा गेम्स 2021 में नवोदय परिवार एवं बीकानेर की शान विकास भाटीवाल ने आज डिस्कस थ्रो मे जीता गोल्ड मेंडल, कल शॉट पुट मे रजत पदक जीता था! नवोदय फैमिली वर्ल्ड वाइड ग्रुप की तरफ से विकास भाटीवाल को एशियन यूथ पैरा गेम्स 2021 मे गोल्ड मेडल हासिल करने पर बहुत बहुत बधाई व शुभकामनाएं!!

विकास कुमावत (बीकानेर) ने समस्त नवोदय परिवार एवं बीकानेर सहित पूरे देश का नाम रोशन किया है। यह हम सभी के लिए एक गौरवान्वित करने वाला क्षण है। पुन: विकास को बहुत बहुत बधाई व शुभकामनाएं!

## धुरी कुमावत का राज्य स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान



बांसवाडा में SGFI द्वारा आयोजित 65वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जयपुर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए धुरी कुमावत पुत्री श्री उल्लास वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेते हुए एकल स्पर्धा में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्री-क्वार्टर फाईनल तक का सफर तय किया। 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से धुरी कुमावत को राज्य स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना।

## राज्य स्तरीय जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु जिला टीम में बसंत व जीतमल कुमावत का चयन



14 वर्ष तक आयुवर्ग की जिला जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता, परबतसर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर नावां राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय, नावां के छात्र बसंत कुमार पुत्र श्री टीकूराम कुमावत एवं जीतमल पुत्र श्री धन्नाराम कुमावत का चयन आगामी राज्य स्तरीय जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता, सिरोही के लिए जिला टीम में किया गया। 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से बसंत व जीतमल कुमावत को बधाई।

## अलका कुमावत का होम मिनिस्ट्री डिपार्टमेंट में चयन



शहर के मेडी का बास निवासी अलका कुमावत पुत्री राजूराम कारगवाल का एसएससी जेआर ट्रांसलेटर एसआर हिंदी परिणाम 2020 में 93 रैंक प्राप्त कर होम मिनिस्ट्री डिपार्टमेंट के अंतिम रूप में चयन हुआ है। अलका ने बताया कि कड़ी मेहनत व लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। बहुत-बहुत बधाई।

## खुशी कुमावत ने स्वर्ण पर लगाया निशाना जीते तीन स्वर्ण पदक



जयपुर में दिनांक 15 से 20 नवम्बर तक आयोजित 65वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी तीरंदाजी चैंपियनशिप में जयपुर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते। खुशी ने रिकवर राउण्ड 17 वर्ष आयु वर्ग में 60 मीटर से निशाना लगाते हुए तीन स्वर्ण पदकों पर कब्जा किया। खुशी को खेल मंत्री अशोक चांदना एवं अर्जुन अवार्डी तीरंदाज रजत चौहान ने स्वर्ण पदक व 2100 रुपये देकर सम्मानित किया।

महिला सशक्तिकरण

# स्वाति कुमावत



***'कहते हैं, पुत्र भाग्य से प्राप्त होता है लेकिन पुत्री सौभाग्य से'***, ये कहावत सौ प्रतिशत सत्य सिद्ध की है हमारे समाज की बिटिया स्वाति कुमावत ने!

स्व. श्री हरप्रसाद जी खौवाल की पौत्री व श्री जुगल किशोर कुमावत एवं श्रीमती पुष्पा देवी की सुपुत्री स्वाति ने अपनी आईटी कंपनी ABSyntech IT Consultant, वर्ष 2018 में शुरू कर बहुत ही कम समय में 18 देशों में अपने काम को फैलाया है तथा अल्प समय में ही अपनी लगन, मेहनत एवं व्यवसायिक योग्यता से अच्छी आय अर्जित की है। आप इस कम्पनी में 4-5 लोगों को रोजगार भी दे रही हैं। स्वाति ने अपने परिवार का ही नहीं, कुमावत समाज का भी नाम रोशन किया है।

श्रीमती पुष्पा एवं श्री जुगल की तीन संतानो में स्वाति दूसरे नंबर की पुत्री है। इनकी एक बड़ी बहन भारती खौवाल और एक छोटा भाई अभिषेक खौवाल है। स्वाति अपने जीवन की सफलता का श्रेय अपनी मां श्रीमती पुष्पा को देती है, जिनकी प्रेरणा, प्रोत्साहन, आशीर्वाद और दिए हुए संस्कारों की वजह से ही वो अपने जीवन में आज यहां तक पहुंच पाई है। इनका सपना है की आने वाले समय में अपनी सॉफ्टवेयर कंपनी की शाखाओं को दुनिया के हर कोने में स्थापित करे। 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से शुभकामना है कि ये ऐसे ही अपने जीवन में आगे बढ़े और देश-विदेश में अपने परिवार और कुमावत समाज का नाम रोशन करे।

abs Absyntech IT Consultant

## बेटी के विवाह पर किया आर्थिक सहयोग



विश्व बिटिया कल्याण सेवा संस्थान के पदाधिकारी अध्यक्ष लालचंद कुमावत जयपुर जिला अध्यक्ष, सुल्तान सिंह, सीकर जिला अध्यक्ष मनोज कुमार पाराशर, उपाध्यक्ष पिंटू कुमावत, तहसील अध्यक्ष मुरारी लाल, तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार एवं संस्थान के सभी पदाधिकारी मिलकर 3 दिसम्बर 2021 को ऐसी गरीब बेटी की शादी करवाई जिसके पास रहने का घर नहीं था। बिल्कुल सादा तरीके से शादी करवाई ना बैंड बाजा ना दहेज 100 लोगों का खाने की व्यवस्था थी और गरीब बेटी को आत्मनिर्भर बनने खुद का स्वरोजगार करने के लिए सहयोग राशि देकर विदा किया। संस्थान के पदाधिकारी ने कहा **'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, हम सब का जीवन बचाओ।'**

## रामप्रसाद कुमावत की देखरेख में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

देश में एक बार फिर से तेजी से बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को देखते हुए कस्बे के ढाणी नागान में शिव नवयुवक मंडल के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन औषधि नियंत्रण विभाग, जयपुर के औषधि नियंत्रक रामप्रसाद कुमावत की देखरेख में काचरोदा की ढाणी नागान स्थित कुमावत समाज की धर्मशाला में किया गया।



इस शिविर में क्षेत्र के महिला पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए 55 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में डॉ. रामपाल ब्लड बैंक जयपुर की टीम ने सरकारी गाईड लाईन की पालना करते हुए रक्त संग्रहण किया और पुरुष रक्तदाताओं को उपहार स्वरूप जीवन रक्षा कवच हेलमेट और महिला रक्तदाताओं को रसोईघर में उपयोगी किचन सेट प्रदान किये। वहीं सहयोगी संस्था शिव नवयुवक मण्डल के मोहनलाल, बाबूलाल, अमित, दीपक, योगेन्द्र गहलोत व सुनील ने कैम्प के दौरान व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

## बैलगाड़ियों से दुल्हन के घर गई बारात

जोधपुरा गांव, कुम्हारिया, राजसमन्द में दूल्हा देवेंद्र कुमावत ने फिजूल खर्ची व महंगाई तथा प्रदूषण से बचाव का संदेश देने के लिए अपनी बारात 12 बैलगाड़ियों से लेकर गया। जहां शादियों में धन का अपव्यय होता सामान्यत: देखा जाता है वहां देवेंद्र कुमावत ने समाज को महंगाई, फिजूल खर्ची व प्रदूषण को बचाने का युवा वर्ग व समाज को अच्छा संदेश दिया है।

## राज्य स्तरीय सम्मानित शिक्षक परमेश्वर का अभिनंदन



महाप्रभु स्वामी राम चरण कन्या विद्यापीठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान 2021 से सम्मानित शिक्षक परमेश्वर प्रसाद कुमावत (शम्भूपुरा) का साफा बंधवाकर अभिनंदन किया गया । इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती प्रियंका कुमावत, कार्यवाहक प्राचार्य ओम प्रकाश वर्मा,ओमप्रकाश कुमावत,नटवर शर्मा,बाल कृष्ण बीरा, बालमुकुंद छिपा, बंसीलाल छिपा, अभिषेक बसेर, लेखराज पाराशर, बृजेश शर्मा, रुचि राठौड़, रेहाना परवीन, पूर्णिमा पारीक, सम्पत माली, आसूचना अधिकारी बनवारी लाल कुमावत, मुकेश कुमार, कांस्टेबल चंदा वैष्णव, गायत्री कुमारी आदि उपस्थित थे।

## श्री कृषि महाविद्यालय, मंडावा में मनाया गया राष्ट्रीय कृषि शिक्षा दिवस

श्री करणी कृपा शिक्षण संस्थान में संचालित कृषि महाविद्यालय, मंडावा में राष्ट्रीय कृषि शिक्षा दिवस मनाया गया। जिसमें कस्बे की स्कूल के 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सज्जन मिश्रा, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष थे। डॉ. सागरमल कुमावत अधिष्ठाता ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. सागरमल कुमावत ने कहा कि 'कृषि शिक्षा दिवस' को मनाने का उद्देश्य देश में कृषकों, युवाओं व विद्यार्थियों में कृषि शिक्षा एवं कृषि में स्वरोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना है।



## ऋषभ कुमावत ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की तस्वीर भेंट की



जयपुर के परकोटे में निवास करने वाले ऋषभ कुमावत ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की तस्वीर बनाकर भेंट की। राजस्थानी अंदाज की यह फोटो ऋषभ ने पेंसिल से मात्र 90 घंटे में बनाई। ऋषभ का यह हुनर परम्परागत है। ऋषभ के दादा धर्मपाल कुमावत परदादा हीरालाल कुमावत व नाना भंवरलाल प्रसिद्ध चित्रकार, मूर्तिकार थे। ऋषभ की माता जी कपिला कुमावत हेरिटेज नगर निगम जयपुर में पार्षद है व पिता विजयपाल कुमावत ज्वैलरी डिजाइनर हैं व ढूँढाड परिषद के अध्यक्ष हैं।

## डॉ. सोमेश्वर कुमावत सफदरगंज अस्पताल में चयनित



डॉ. सोमेश्वर कुमावत सुपुत्र नारायणराम कुमावत सुपुत्र रामावतार कुमावत निवासी चीपलाटा(कुरबड़ा) तह. नीम का थाना (सीकर) का सफदरजंग हॉस्पिटल दिल्ली में जूनियर रेजिडेंट पद पर चयन होने पर बधाई।

## उषा कुमावत भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष बनी



भारतीय जनता पार्टी के बगरू विधानसभा क्षेत्र के देहात पश्चिमी मंडल में उषा कुमावत पत्नी डॉ. परमानंद कुमावत (खोरानियां) को महिला मोर्चा के अध्यक्ष बनाये जाने पर 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामना।

## AEN परीक्षा में चयनित



भवानीशंकर कुमावत पुत्र नारायण लाल कुमावत निवासी कोटड़ी धायलान का आरपीएससी में असिस्टेंट इंजीनियर (AEN) के पद पर चयन होने पर बहुत बहुत बधाई।



धर्मपाल कुमावत, निवासी भादवासी, सीकर, MNIT, जयपुर से B.Tech किया था। AEN परीक्षा में 20वीं रैंक हासिल की व PHED में चयन हुआ है।

## बधाई

मोहन जी कुमावत (डिंपल मार्बल) को नावां, भाजपा युवा मोर्चा और रामेश्वर जी किरोड़ीवाल को कुचामन भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष बनने की हार्दिक बधाई एवम शुभकामना।

# श्री कुमावत क्षत्रिय विकास संगठन, मुंबई का 13 नवम्बर, 2021 को दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम का सफल आयोजन

श्रीमान् महावीरप्रसाद जी श्री रामस्वरूप जी बडीवाल, बोरीवली के सौजन्य से मुम्बई में श्री कुमावत क्षत्रिय विकास संगठन का 13 नवम्बर, 2021 को दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आराध्य देव भगवान श्रीराम की पूजन, अर्चना एवं दीपप्रज्वलन से हुई। दीपा मोरवाल द्वारा समारोह में स्वागत गीत गाया गया। मुख्य अतिथि श्री गुरूचरण जी जलिधंरा, श्री ताराचंद जी छापोला तथा श्री युधिष्ठिर जी कुमावत विशिष्ट अतिथि श्री साहिबराम जी कुमावत, श्री रविन्द्र जी बैताड़े, श्रीमती वंदना ताईजी कुमावत तथा समाज के वरिष्ठों को सचिव, कोषाध्यक्ष द्वारा गुलदस्तों व उपमा देते हुए स्वागत व आभार व्यक्त किया गया। दीपावली स्नेह सम्मेलन में अध्यक्ष श्री विद्याधर मोरवाल ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में विकास के शुरूआती दिनों से लेकर वर्तमान गतिविधियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर श्रीमती सीमा विद्याधर जी मोरवाल के नेतृत्व में समाज की कलाकार महिलाओं व बच्चों ने रंगारंग परम्परागत सांस्कृतिक उत्कृष्ट नृत्य नाटिका श्री मद्भागवत दर्शन की प्रस्तुति करते हुए खूब तालियां बटोरी। इसमें श्रीमद्भागवत के मुख्य विषय दशावतार तथा श्री कृष्ण की भौतिक लीलाओं जिनमें श्री कृष्ण जन्म तथा उन की बाल लीलाएं, गोवर्धन-पर्वत पूजन, छप्पन भोग, राधा-कृष्ण प्रेम तथा महारास, श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित्र तथा श्री कृष्ण के भजनों पर नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के कलाकार थे -सीमा मोरवाल, माया मिस्त्री, किरण कुमावत, दीपा मोरवाल, शालू वर्मा, नेहा मालवीया, रोहिणी वर्मा, रेणु वर्मा, हरिनाक्षी वर्मा, अदिती मोरवाल, सुर्यांश वर्मा, विधी वर्मा, निशा वर्मा, आयुषी वर्मा, तनाया मालवीया, देवशी मोरवाल, पुष्ठी वर्मा, प्राची, रूची, निलेक्ष वर्मा, हरिशंकर जी वर्मा एवं विद्याधर मोरवाल।

श्रीमती शालु भवानी जी मोरवाल के परिष्कृत एवं सफल मंच संचालन ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सभी का गरिमामयी उपस्थिति का गौरव और उनका अतुल्य सहयोग आयोजनकर्ताओं को प्राप्त हुआ। विभिन्न स्थानों से भी बड़ी संख्या में गणमान्य समाज बंन्धु कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती ममता पुत्री नेचीमचंद घोड़ेला ने तुलसी के पौधों का वितरण किया।

श्री रतनलाल जी निमिवाल, श्री धीरज जी मारोठिया ने कार्यक्रम संयोजक की भूमिका बहुत ही खुबसूरती से निभाई। श्री विद्याधर मोरवाल (अध्यक्ष) के नेतृत्व में एक ओर सफलता मिली। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# श्री बी.एल.नागा जनकल्याण चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा जर्सी वितरण

बोकडावास (फागी) जिला जयपुर के सरकारी विद्यालय में दिनांक 11 दिसम्बर को विद्यालय के 125 छात्र-छात्राओं को श्री बी.एल. नागा जन कल्याण चेरीटेबल ट्रस्ट, जयपुर द्वारा गर्म जर्सियां वितरित की गईं। ग्रामीण क्षेत्र के इस विद्यालय में ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार वर्मा (नागा), मंत्री संदीप नागा एवं समाजसेवी बरकत नगर निवासी श्री राजेन्द्र प्रसाद जूनवाल के साथ समाज के कई व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर कई छात्र-छात्राओं के माता-पिता भी आये थे। गांव वालों ने जर्सी वितरण पर खुशी जाहिर करते हुए ट्रस्ट के पदाधिकारी सुरेन्द्र नागा, संदीप नागा एवं राजेन्द्र जूनवाल का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिक अनोप जान्दू ने अपने भाषण में विद्यालय परिवार की ओर से ट्रस्ट के अध्यक्ष, मंत्री व राजेन्द्र जी को घन्यवाद देते हुए कहा कि आज तक इस प्रकार का आयोजन पहले कभी नहीं हुआ। ग्रामीण क्षेत्र में आकर विद्यालय के बालक-बालिकाओं को सर्दी के मौसम में स्वेटर (जर्सियां) बाँट कर जो कार्य किया है विद्यालय परिवार की ओर से उन्होंने धन्यवाद दिया तथा राजेन्द्र जूनवाल ने जो पहल करके यहां बालकों को जर्सियां बंटवाने में सहयोग किया है उनका भी ह्रदय से आभार व्यक्त किया। - **सुरेन्द्र कुमार नागा**

# भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा ( रजि. ) उ.पू. जोन चुनाव निर्वाचन प्रमाण पत्र वितरित कार्यक्रम



भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा रजि. के उत्तरी पूर्वी जोन राजस्थान के चुनाव संपन्न हुए। राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी रामेश्वर भम्भोरिया सतीश खाटूवाल एवं जोन चुनाव अधिकारी लक्ष्मीनारायण घोड़ीवाल श्रीमान गोपाल लाल जलान्धरा, सह चुनाव अधिकारी विजय कारगवाल द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों जॉन कार्यकारिणी सदस्यों जिला कार्यकारिणी सदस्यों को **निर्वाचित प्रमाण पत्र देकर** सम्मानित किया। राष्ट्रीय महामंत्री छोटूराम बड़ीवाल ने कहा राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं प्रदेश कार्यकारिणी की मीटिंग का समय अनुसार आयोजन किया जाएगा और और अधिवेशन की घोषणा की जाएगी। प्रदेश कार्यकारिणी के निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष गोरी शंकर मारवाल प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक नेमिवाल महिला प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज बड़ीवाल प्रदेश महामंत्री रूप किशोर रतिलाल प्रदेश कोषाध्यक्ष रामसहाय सिरोडिया उप मंत्री राजेंद्र कुदिवाल उप मंत्री रमेश ब्याडवाल जॉन संगठन एवं प्रचार मंत्री पूरणमल छापोला व मंजू जुनवाल थे।

# नववर्ष : शुभकामना संदेश

नए साल में गरीबी, बेबसी, बेरोजगारी, बेकारी तथा कोरोना महामारी का नाश हो। सामाजिक-आर्थिक असमानता व ऊँच-नीच का भेद मिटे। प्रेम एवं सौहार्द बढ़े, सांप्रदायिक सद्भाव स्थापित हो, इन्हीं मंगलकामनाओं के साथ आप सभी के स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना करता हूँ। **नववर्ष-2022** की हार्दिक शुभकामनाएं।

-**विमल कुमावत** पूर्व उपमहापौर व शहर उपाध्यक्ष भाजपा

आपके दिन सोने में रंगे हों, आपका जीवन हीरे से भर जाए, आपकी दुनिया में सदा सितारे चमकते रहें तथा वर्ष 2022 आपके लिए सुख, शांति, उन्नति, समृद्धि एवं अनंत सफलताओं का वर्ष हो। नया वर्ष आपके जीवन में खुशहाली लाये।

-**चेतन धुंधारिया,** संस्थापक टीम चेतन धुंधारिया

2021 को विदाई और 2022 में प्रवेश का समय है, हम अपने अतीत से सीख लेते हुए भविष्य की ओर बढ़ते हैं। कोरोना संक्रमण के कारण 2021 भी कठिनाई से भरा दुखद वर्ष रहा, फिर भी हम नए साल 2022 में एक बेहतर कल के लिए आशा और दृढ़ता बनाए रखना जारी रखेंगे। आइये, हमें अतीत को भुलाकर भविष्य की ओर देखना चाहिए।

-**जयसिंह कुमावत,** भाजपा वार्ड अध्यक्ष, 141, जयपुर

नववर्ष नयी उम्मीदें, नये विश्वास, नये संकल्प लेकर आये, नयी ऊर्जा को जन्म देने वाला हो। आइए, हम सब नई उम्मीदों, आशाओं और नव संकल्पों को साकार करने की असीम संभावनाओं के साथ वर्ष 2022 का स्वागत करें।

- **सी.एम. कुमावत,** ट्रस्टी

**नव हर्ष, नया उल्लास हिये। नव उर्जा, नव विश्वास लिये।**
**नव रंग - उमंग - तरंग भरा, नव वर्ष मुबारक तुम्हे प्रिये।।**

यह नववर्ष आपके जीवन में नयी उमंगों, नयी ऊर्जा और खुशियों में उत्तरोत्तर वृद्धिकारक तथा शुभ संकल्पों को पूर्णता एवं उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करने वाला हो, ऐसी मंगलकामनाओं के साथ आप सभी समाज बंधुओं और 'कुमावत इंडिया' पत्रिका को नववर्ष पर शुभकामनाएं।

-**प्रहलाद कुमावत** 'चंचल' कवि एवं साहित्यकार, जाहोता

नववर्ष में सबको ढेर सारी खुशियाँ मिले। भगवान सभी को एक अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करे। सुख, सम्पति, स्वरुप, संयम, सादगी, सफलता, साधना, संस्कार, स्वास्थ्य, सम्मान, शान्ति एवं समृध्दि की मंगलकामनाओं के साथ आपको नववर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं।

- **नेहा कुमावत,** पार्षद, उदयपुर नगर निगम

जिस तरह सूर्य प्रकाश देता है, संवेदना करुणा को जन्म देती है, पुष्प सदैव महकता रहता है, उसी तरह आने वाला यह नूतन वर्ष आपके लिए हर दिन, हर पल के लिए मंगलमय हो। नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।

- **पंकज सिरोहिया,** जिलाध्यक्ष, राज. क्षत्रिय कुमावत युवाशक्ति समिति, जयपुर

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ। नववर्ष की पर कामना करता हूँ कि देश में घरेलू हिंसा का दौर थमे, कोई फुटपाथ पर सोने को मजबूर न हो, बुजुर्गों का घर में सम्मान हों और बहुओं को दहेज के नाम पर नहीं जलाया जाएं।

-**राकेश कुमार कुमावत,** एडवोकेट राज. उच्च न्यायालय व विधि सलाहकार राज.क्ष.कु. युवा शक्ति, जयपुर

नववर्ष 2022 की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। चारों ओर खुशियाँ हो एवं दुखों का नाश हो। नववर्ष का एक-एक पल स्वर्णिम और सुखद हो।

-**मोहन कुमार बालोदिया,** बालोदिया डायमण्ड आर्केसट्रा

नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। आशा है नया साल आपके जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि लाएगा और सामाजिक सद्भावना की हमारी महान् एवं गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाने वाला वर्ष होगा।

-**सुनील कुमावत,** सह संयोजक, सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा

हर साल आता है, हर साल जाता है, इस साल में आपको वो सब कुछ मिले, जो आपका दिल चाहता है। आप सभी समाजबंधुओं को वर्ष 2022 की अनन्त शुभकामनाएँ।

-**हेमन्त कुमावत,** कवि, जयपुर

नववर्ष की आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। नववर्ष सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाये। घरेलू हिंसा कर दौर थमें। बहू-बेटियों को सम्मान मिले। सभी का जीवन खुशहाल हो।

-**पूनम कुदीवाल,** राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा, सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा

नववर्ष में नये संकल्प, नई ऊर्जा एवं नवीन योजनाओं के साथ हम सभी आगे बढ़े और समाज उत्थान में योगदान दें।

- **हेमचन्द खड़गटा**

2022 के साल में कोरोना की भयावता नहीं हो। सभी का स्वास्थ्य, व्यापार, उद्योग आदि फले-फूले एवं हमार समाज प्रगति करें।

- **सुरेन्द्र नागा, व. समाजसेवी**

नववर्ष सभी समाजजनों के लिए नवचेतना एवं नवस्फूर्ति के साथ विकासोन्मुखी रहे, यही कामना है।

-**रामप्रकाश मारोठिया,** एडवोकेट

नववर्ष हम सबके जीवन में अपार खुशियां, समृद्धि तथा स्वास्थ्यवर्धक हो, इस मंगलकामना के साथ नववर्ष की शुभकामना।

-**भारती-रमेश तोंदवाल,** सचिव कुमावत प्रगति ट्रस्ट

# वर्ष 2022 और भारत

नव वर्ष 2022 का प्रारम्भ कन्या लग्न और वृश्चिक राशि में हो रहा है। वर्ष 2022 के प्रारम्भ में कुण्डली के पराक्रमभाव में तीन बड़े ग्रहों के स्थित होने के कारण यह वर्ष कामगारों और पुरुषार्थी लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहने वाला है। 2022 के प्रारम्भ होने पर बनने वाली कुण्डली में भाग्येश व धनेश शुक्र ग्रह सूर्य के साथ केन्द्र में स्थित होकर दशम भाव को पूर्ण दृष्टि से देख रहे हैं और इसी प्रकार से दशमेश व लग्नेश बुध पंचमेश व मित्र ग्रह शनि के साथ में पंचम भावस्थ होकर के लाभ स्थान को पूर्ण दृष्टि से देख रहे हैं। ये दोनों ही स्थितियां वर्ष 2022 को आर्थिक दृष्टि से मजबूत बनायेंगी और कोरोना के कारण जो व्यवस्थायें बिगड़ी हैं, उनमें इस वर्ष अच्छा सुधार होने की पूरी उम्मीद है। इन ग्रह योगों से पूरी दुनिया भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था को देखेगी। 2022 में अमरीका, चीन, जापान व रूस आदि विकसित देशों की तरह ही भारत की जीडीपी भी मजबूत स्थिति में आकर खड़ी होगी।

वर्ष 2022 में शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को सकारात्मक परिणाम मिलेंगे और उनके पढ़ाई के रूटीन में सुधार होने की पूरी उम्मीद है परन्तु बीमारियों से बच्चों को बचाने के लिए विशेष ध्यान देना होगा।

अब भारतवर्ष की कुंडली की बात करें तो भारत को 15 अगस्त, 1947 की रात में 12 बजे आजादी मिली थी। भारत की कुंडली वृष लग्न की है। इसके लग्न में राहु और सप्तम भाव में केतु है। कुंडली के पराक्रम भव में कर्क राशि में चंद्रमा भी बुध, शनि, शुक्र व सूर्य ग्रह के साथ विद्यमान होकर पन्चग्रही योग का निर्माण कर रहा है। भारत की कुंडली में शुक्र व शनि ग्रह अस्त हुए हैं और मंगल अपने शत्रु बुध की राशि में धन स्थान में बैठा हुआ है। कुंडली के अनुसार भारत के स्वभाव और प्रकृति की बात करें तो भारत का लग्नेश शुक्र व राशी चंद्रमा दोनों ही सौम्य ग्रह हैं। इसी कारण भारत का स्वभाव शान्त और क्षमाशील है लेकिन अति हो जाने पर यही भारत अपनी कुंडली के पराक्रम भाव में बन रहे पंचग्रही योग के कारण अपने विरोधियों को जवाब भी पूर्ण दृढ़ता और विश्वास के साथ देता है।

2022 में ग्रहों का साथ सरकार को मिलेगा, सरकार का भाग्य सहायक होगा। 2022 में वायरस से लड़ने के लिए कई दवाइयां बाजार में उतारी जाएंगी और उनके सकारात्मक परिणाम भी दिखाई देंगे। 2022 में विदेशी सम्बन्धों, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार और व्यापारिक सौदों के सम्बन्ध में भी भारत को लाभ होने की प्रबल सम्भावना दिखती है। इस वर्ष सरकार स्वास्थ्य से सम्बन्धित नई योजनाएं भी जनता को सौगात में दे सकती हैं। प्रशासन में भी काफी सुधार दिखाई देगा। 2022 में कुछ नकारात्मक भी है, इसकी वजह ये है कि कुण्डली में पूर्ण काल सर्प योग का निर्माण हो रहा है। राहु का मुख भाग्य स्थान में है तथा चन्द्रमा की मंगल व केतु के साथ पराक्रम भाव में युति हो रही है। इसके साथ ही व्ययेश सूर्य भाग्येश शुक्र से युति कर रहा है। इन ग्रह स्थितियों के कारण देश व दुनिया में कुछ हालात नाजुक व चिन्ताजनक हो सकते हैं। भारी बारिश, बाढ़, भूकम्प या फिर सुनामी जैसी किसी स्थिति से जनता को नुकसान होने की सम्भावना बनती है। महंगाई भी कुछ बढ़ती दिखेगी और देश-विदेश में न्यायालयों को भी सरकार के कुछ फैसलों में हस्तक्षेप करना पड़ेगा। केतु की युतियों व राहु की दृष्टि के कारण अभी कुछ नये षड़यन्त्र व आन्दोलन देश में भी देखने को मिल सकते हैं, जिससे पूर्ण शांति नहीं मिल पायेगी।

फिर भी वर्ष 2022 में विज्ञान व शोध में अच्छी खबरें आयेंगी, वैक्सीन में अच्छी उपलब्धि से भारत की साख पूरे विश्व में बढ़ेगी।

आर्थिक क्षेत्र में काफी सुधार होगा, भारतीय मूल के नागरिक कई देशों में उच्च पदों पर पदस्थापित होंगे। सूचना प्रौद्योगिकी, साफ्टवेयर, कम्यूनिकेशन व ट्रांसपोर्ट आदि में वर्ष 2022 में सकारात्मक परिणाम आयेंगे और भारत कई देशों का मार्गदर्शक भी बनेगा।

**डॉ. योगश, ज्योतिषाचार्य,**
मानसरोवर जयपुर
www.astrologeryogesh.com

# नया साल

नया साल मंगलमय हो
अपने कुल व देश समाज की,
सारे जग में जय जय हो।।
हर दिन माह खुशी में बदले,
नया साल मंगलमय हो।।

तूँ कर से कर नेक काम तो,
हर जन जन हरसायेंगे।।
श्री गणेश माँ महालक्ष्मी,
सब तेरे घर आएंगे।।

तेरी खुशियों की किताब,
इतिहास के पन्ने बांचेगा।।
दुनिया के हर कष्ट मिटेंगे,
मन मयूर सा नाचेगा।।

सारी पीड़ा हरि हर लेंगे,
क्षय रोगी सब अक्षय हो।।
हर दिन माह खुशी में बदले,
नया साल मंगलमय हो।।

एक दूजे का मान पान कर,
सफल सभी शुभ काम करो।।
सारे जग में दान पुण्य कर,
इस समाज का नाम करो।।

कैसे आगे हमको बढ़ना,
सबको यह समझाना है।।
नव पीढ़ी को शिक्षा देना,
सही राह बतलाना है।।

निर्धन का सहयोग करो तो,
दूर आपका हर गम होगा।।
कभी किसी का बुरा नही कर,
भला आपका हरदम होगा।।

तुझसे आशाएं हो सबको,
आशय ऐसा ही होना हो
भाग्य उदय हो निर्भय हो।।
हर दिन माह खुशी में बदले,
नया साल मंगलमय हो।।

**-कवि हेमन्त कुमावत**
जयपुर राजस्थान

पृष्ठ 6 से आगे....


कार्यक्रम के संयोजक शंकरलाल बालोदिया (वंदना फ्लावर्स) थे।

8. नरेश कुमावत मूर्तिकार को राजस्थान गौरव सम्मान।

## अप्रैल-21

1. **जयपुर। बाबूलाल मारोठिया 'राजस्थान हस्तशिल्प रत्न' अवार्ड से सम्मानित**- ये पारम्परिक चित्रकला के सिद्धहस्त कलाकार जयपुर निवासी है।
2. **जयपुर। खेमचंद खड़गटा व्यवस्थापक मंडल सस्दय मनोनित**- सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाले खेमचंद खड़गटा को कुमावत इंडिया पत्रिका के व्यवस्थापक मंडल में सदस्य मनोनित किया गया।
4. जयपुर। टीम चेतन धुंधारिया ने मनाया स्थापना दिवस- टीम चेतन धुंधारिया का स्थापना 13 अप्रैल को निर्माण नगर स्थित कार्यालय पर मनाया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड का पाठ भी करवाया गया
5. **जोबनेर। सुनील कुमावत का नेशनल लेवल पर चयन**- 'द नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया' में नेशनल लेवल पर चयन हुआ।

## मई-21

1. **जयपुर। श्री विनोद बालोदिया (राज ब्लॉक्स) का निधन**- 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के ट्रस्टी व राज ब्लॉक्स के संस्थापक, बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री विनोद बालोदिया 26 दिन तक कोरोना से अदम्य साहस के मुकाबला करते हुए 13 मई 21 को हमेशा के लिए इस दुनिया से विदा हो गये। समाज ने एक निर्भीक एवं कर्मठ व्यक्ति खो दिया।
2. कालाडेरा। सुरेन्द्र कुमावत ने ऑक्सीजन टैंकर सरकार को दिया- कोरोना महामारी के मद्देनजर व मेडिकल ऑक्सीजन की भारी कमी को देखते हुए कालाडेरा निवासी सुरेन्द्र कुमावत ने ऑक्सीजन टैंकर सरकार को नि:शुल्क समर्पित किया।
3. नि:शुल्क वेबिनार का आयोजन- कोरोना महामारी के भीषण दौर में कुमावत इंडिया पत्रिका व टीम चेतन धुंधारिया के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क वेबिनार Vol. 1 Key to Successful communication, Vol. 2 How to talk Professionaly का आयोजन किया गया।

## जून-21

1. उदयपुर। नीता कुमावत महिला प्रदेश उपाध्यक्ष- मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग ट्रस्ट ने नीता कुमावत को प्रदेश महिला उपाध्यक्ष मनोनित किया।
2. पुणगाम। कुमावत समाज ट्रस्ट, सूरत की नई पहल- कुमावत समाज ट्रस्ट, सूरत के सचिव कैलाश घोड़ावत के अनुसार प्रत्येक रविवार 500 पैकिट भोजन का वितरण जरूरतमंद लोगों को किया गया।
3. जयपुर। कुमावत इंडिया पत्रिका ने श्रीमती भारती तोंदवाल, चेतन बालोदिया को ट्रस्टी नियुक्त किया व श्री लक्ष्मी नारायण घोडीवाल को उत्कृष्ट सेवाओं पर पुन: ट्रस्टी नियुक्त किया।
4. ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन- राजस्थान कुमावत युवा शक्ति के द्वारा कोरोना के मद्देनजर ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।
5. भारतीय जनता पार्टी ने गौरी कुमावत को भाजपा किसान मोर्चा का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया।
6. केतन कुमावत तराना 'आईडल 2021' के विजेता बने।
7. योग शिक्षिका मोनिका कुमावत ने 10 मिनट 58 सेकंड में 108 बार सूर्यनमस्कार करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

## जुलाई-21

1. नावां। नागौर निवासी विकास कुमावत भारतीय थल सेना में कर्नल के पद पर पदोन्नत हुए।
2. भादरा। सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत का कुमावत छात्रावास सीकर में स्वागत हुआ।
3. जयपुर। टीम चेतन धुंधारिया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित ऑनलाइन योग प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। पूरे भारतवर्ष से 363 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई।
4. मंदसौर। मंदरसौर के कुमावत महिला मंडल द्वारा खाद-बीज युक्त 500 सीड्स बाल बनाकर पर्यावरण संरक्षण अभियान में सहभागिता का आगाज किया।
5. मदन सिंह बाबरवाल उदयपुर नगर निगम में सहवृत पार्षद मनोनीत।

## अगस्त-21

1. **कुमावत इंडिया** पत्रिका के स्वर्णिम 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में टीम चेतन धुंधारिया द्वारा 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की पूरी टीम को पुष्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दी।
2. डॉ. सागरमल कुमावत, पचार को कृषि महाविद्यालय मंडावा में डीन नियुक्त।
3. जयपुर। सुनील कुमावत को भाजपा द्वारा राजस्थान सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया।
4. **जयसिंह गुडीवाल** जयपुर नगर निगम के वार्ड 141 से भाजपा संयोजक व कुमावत इंडिया पत्रिका के सह सम्पादक मनोनीत किये गये।

## सितम्बर-21

1. जयपुर। जादूगर आंचल का दोहरा सम्मान- जादूगर आंचल को यूथ आईकॉन अवार्ड एवं राष्ट्र शिरोमणि सम्मान से नवाजा गया।
2. उगरियावास। इंजीनियर दो भाईयों ने बंकरनुमा कैफे बनाया, उगरियावास निवासी मनोज किरोडीवाल व दीपक किरोडीवाल ने पुलिस लाईन, जयपुर में जमीन के 5 फुट नीचे बंकरनुमा कैफे का निर्माण किया। दोनों भाईयों के इस कारनामें पर डीजीपी ने सराहा व सम्मान किया।
3. जयपुर। जयसिंह कुमावत राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक अभियान के राजापार्क मंडल, संयोजक हेल्थ वालंटियर नियुक्त किये गये।
4. कामिनी वर्मा ने दोहरी पीएचडी की।

**शेष पृष्ठ 24 पर....**

# श्री कुमावत क्षत्रिय विकास संगठन, मुम्बई के दीपावली स्नेह मिलन की झलकियां
































# श्री कुमावत क्षत्रिय विकास संगठन, मुम्बई के दीपावली स्नेह मिलन की झलकियां




































नववर्ष पर सभी समाज बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती मेघना कुमावत
धर्मपत्नी श्री दिलीप जलान्धरा
जन्मदिन 17 जनवरी, 1980
अशीष कुमावत
जन्मदिन
17 जनवरी, 1986
मेरी बड़ी सुपुत्री मेघना व सुपुत्र आशीष कुमावत
को जन्मदिन पर
हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई
शुभेच्छु
ताऊजी-ताई जी : रूपचंद-पार्वती,
पिता-माता : राम प्रकाश मारवाल-सुनीता,
चाचा-चाची : राजकुमार-उमा, जयसिंह- कौशल्या,
सत्य प्रकाश-शकुंतला एवं समस्त मारवाल परिवार
Apana Ashiyana (Girla P.G.) | Ashish Consultant
433-ए, परशुराम पार्क, सूर्य नगर, रिलायंस फ्रेश के पीछे रिद्धि-सिद्धि चौराहा,
गोपालपुरा बाई पास, जयपुर-302015 मो. : 9717037470, 9414074376


राजस्थान क्षत्रिय कुमावत युवाशक्ति समिति,
जयपुर के जिलाध्यक्ष पंकज जी सिरोहिया
द्वारा
जिला आई.टी. सेल सदस्य
बनाये जाने पर हार्दिक आभार
व
सभी समाजबंधुओ को
नववर्ष
2022
की हार्दिक शुभकामनाएँ
शुभेच्छु :
प्रमोद कुमावत
Future Profilez Pvt. Ltd.
Digital Marketing (TL)
Mo. 8769962790
अभिषेक घोडेला
DB Gennie Pvt. Ltd.
Sr. Software Developer
Mo. 8559860231
जिला आईटी सेल सदस्य, राजस्थान क्षत्रिय कुमावत युवाशक्ति समिति, जयपुर


हमारे प्रिय
श्री धीरज वर्मा
( पुलिस निरीक्षक राज. सरकार )
सुपुत्र स्व. डॉ. देवी लाल जी हान्या
को 29 नवम्बर, 2021
को विशेष सम्मान समारोह में
डी.जी.पी.
द्वारा प्रशस्ति डिस्क एवं रोल प्रदान किए जाने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शुभेच्छु
सुरेन्द्र नागा, गोपाल लाल अजमेरा, लाल चन्द धुंधारिया, हेमचन्द खड़गटा एवं मित्रगण

# ईश्वर की साझेदारी : नववर्ष के संकल्प



वर्ष 2021 के अब कुछ ही दिन बचे है और पिछले 2 वर्षों में कोविड के अनुभव और अब ये नए वेरियंट ओमिक्रोन के खतरे का फिर से मंडराना यह सिद्ध करता है कि मनुष्य के बस में इतनी तरक्की और विज्ञान के ज्ञान के बाद भी ईश्वर की बनाई प्रकृति का कोई जवाब नही है । व्यक्ति सिर्फ उसके कर्म और सोच के सिवा कुछ नही है क्योंकि जो भी वह देखता है, करता है , कहता-सुनता है, चखता है, स्पर्श करता है या ऐसे कई नियमित कर्म करते- करते ही एक दिन उसके अनुभव एक गहरी गठरी बन जाते है और ताउम्र व्यक्ति इन्हीं अनुभवों को लक्ष्य बना के जीवन जीता है।

अब इन अनुभवों से जो सीखता है और जो धारणायें बनाता है वह या तो नकारात्मक हो सकती है या सकारात्मक या उदासीन और तीनों ही अवस्था एक सोच को जन्म देती है और मनुष्य की इन्ही अनुभूतियो को उसके इर्द-गिर्द के लोग भी अनुभव करते है और जिसको जैसा अनुभव मिलता है वह उसी आधार पर उस व्यक्ति की पहचान बना लेता है । अत: इस बार मैंने भी यही सोचा है कि नववर्ष के संकल्प में अपनी सोच को पूरी तरह सकारत्मक और देने के भाव को आत्मसात करने की कोशिश करूँगा।

**पहला संकल्प** अब न किसी की कमियां देखूँगा और न कमियों निकालूंगा, क्योंकि हर एक व्यक्ति के बाह्य आचरण को तो मैं देख सकता हूँ पर उसके अंदर के द्वंद और परिस्थितियों को देख पाना मुश्किल है, अत: इस अवगुण को समाप्त करने की पूरी कोशिश करूँगा।

**दूसरा संकल्प** अपने अभिमान को सहयोग में परिवर्तित करने का साहस रखूँगा, में यह नही सोचूँगा की मुझे कोई निवेदन करे या मनुहार या आग्रह करे, मुझे तो अब स्वंय से आगे जाना है और हाथो को थामना है हो सकता है मुझे लोग स्वीकार न करे पर मुझे इसमें अपना अपमान नही समझना है अपितु सामने वाले के विश्वास के पात्र बनने की कोशिस करनी है।

**तीसरा संकल्प** है अपने ईश्वर में विस्वास :- हम सभी ने कभी न कभी यह अनुभव किया होगा कि ईश्वर हमेशा हमारे साथ होता है, चाहे वो हमें वो सब नही देता जो हम उससे मांगते है पर वो सब वो देता है जो हमारे लिए बेहतर है, पर हमें वो कर्म करने की पूरी छूट देता है और सब हमारे ही ऊपर डाल देता है।

अब कल की ही बात ले, मेरे घर का गैस सिलेंडर खत्म हो गया था और गीजर खराब पड़ा था और ठंड इतनी बढ़ी हुई थी कि नहाने के लिए मन में कसमसाहट हो रही थी, ठंड में नहाने की हिम्मत नहीं हो रही थी पर भगवान को भोग लगाना भी जरूरी था। मैंने तो सुबह बिना नहाएं ही नाश्ता कर लिया था इसलिए अपराध बोध महसूस होने लगा था की भगवान अभी तक भूखे है। खेर हिम्मत करके ठंडे पानी से नहाया और भगवान को भोग लगाया और फिर अपने काम में लग गया खाना बाहर जाकर खाया और पूरे दिन की भागदौड़ में गैस का याद ही नहीं रहा। खेर रात बीती और सुबह हुई फिर नियमित कार्य किये और चाय बनाने रसोई में गया तो याद आया कि गैस तो है ही नही! अब मेरा हौसला पस्त हो चुका था की आज फिर से ठंड में नहाना अब नामुमकिन है और तभी मैंने भगवान को मन में बोला कि मैं ठंडे पानी से नहीं नहाऊंगा अब तू भूखा रह या बिना नहाए ही खाना खिलाऊंगा। इतने में दरवाजे की घंटी बजी और मकान मालिक आंटी ने कहा कि गैस वाला आज भी नही आएगा, तो तुम मेरा सिलेंडर लेलो बस आंटी का यह कहना था और में जोर से हंस पड़ा और ईश्वर के बन्दोबस्त को देख चकित था। मैंने तुरंत पत्नी को कॉल लगाया और और भगवान कि कारस्तानी बताई और कहा कि कैसे उसने अपना बन्दोबस्त कर लिया है!

दोस्तों आपको भी ऐसा कई बार अनुभव हुआ होगा या आने वाले समय मे जरूर होगा कि हमारा ईश्वर सदैव हमारे संग रहता है, वो ही हमारा सच्चा साथी है उसके कार्यो में सदैव हमारा ही हित छुपा रहता है। गैस का सिलेंडर दरसअल मेरे ही काम आया था, तबसे मैंने अब ठान लिया है कि में मेरे ईश्वर से कभी अपना विश्वास खत्म नहीं होने दूँगा, किसी भी परिस्थितियों के चलते मेरे विश्वास में कोई कमी नही होगी । आप मेरी बात को माने या ना माने पर अपने आप का अनुभव ईश्वर के साथ जरूर करे।

और अगर मेरी बात माने तो अपने ईश्वर को अपने जीवन मे साझेदार बना ले और उसके हिस्से की कमाई उसके जरूरतमन्द बच्चो में किसी न किसी माध्यम से बाँटना आरम्भ कर दे, मेरा यकीन मानिये अगर आप ऐसा करते है तो वो आपको इतना देगा और कमाल का देगा कि आपने उम्मीद भी नहीं की होगी। तो दोस्तो मैंने तो नए साल के अपने संकल्प बना लिए है कि सदैव सकारात्मक रहूँगा, अभिमान और अपमान से अपने आप को परे रखूँगा, आगे बढ़ कर हाथ थामूंगा, मुझसे गलतियां होंगी पर अपनी हर गलति में अपने ईश्वर को हिस्सेदार बनाऊँगा आखिर साझेदार बनाया है तो यह उसकी भी जिम्मेदारी है कि वो गलतियों से मुझे बचाये और फिर भी अगर गलती हो जाये तो उसे ठीक भी करवाये। मेरा पूरा विश्वास है कि वो हमेशा की तरह मेरा साथ अवश्य देगा।

तो दोस्तो देर किस बात की है चलो नए साल का संकल्प लेते है अपने ईश्वर को साझेदार बनाते है। नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर आपके ऊपर असीम कृपा करे। स्वस्थ्य रहे, मस्त रहे, और मन की करते रहे।

आपका अपना – **मुकेश निमिवाल, मुम्बई**

# क्षत्रिय कुमावत समाज को मिला नवनिर्मित मांगलिक भवन

इंदौर मध्यप्रदेश। साँवेर रोड स्थित शिवकण्ठ नगर निवासी मनीष गोपीचंद जी चौरमा कुमावत के द्वारा परिवार के पितृ पुरूष उनके दादा स्वर्गीय श्री शंकरलाल कुमावत व दादी श्रीमति गंगाबाई चौरमा की स्मृति में 14 दिसंबर 2021 मोक्षदायिनी एकादशी के शुभ अवसर पर श्री नर्मदेश्वर मांगलिक भवन का नवनिर्माण कराकर सामाजिक व मांगलिक कार्य हेतु समाज को समर्पित किया। इस नवनिर्मित मांगलिक भवन में सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक, पार्षद व कुमावत समाज के वरिष्ठ, गणमान्य सदस्य व मातृशक्तियाँ उपस्थित थी।



कार्यक्रम के उपरांत सहभोज का भी आयोजन किया गया था। श्री मनीष जी चौरमा भारतीय कुमावत क्षत्रिय समाज, इंदौर जिला अध्यक्ष है। पूर्व में भी इनके द्वारा इंदौर में नि:शुल्क सामुहिक विवाह का सफल आयोजन किया गया था जिसमें समाज के कई जोड़ो का विवाह नि:शुल्क किया गया था व घर गृहस्थी बसाने का सामान भी दिया था। इनके पैतृक गांव कागवा में भी इनके द्वारा शिवरात्रि के अवसर पर यज्ञ व भंडारा का आयोजन किया था। समाज के लिए मांगलिक भवन बनवा कर देने पर श्री मनीष गोपीचंद जी चौरमा कुमावत का आभार व धन्यवाद। **–नेमीचन्द कारवार**

# सदियों पुराना है पतंगबाजी का इतिहास-भगवान राम ने भी उड़ाई थी पतंग

मकर संक्रान्ति पर देश के कई शहरों में पतंग उड़ाने की परंपरा है। इसी परंपरा की वजह से मकर संक्रान्ति को पतंग पर्व भी कहा जाता है। माना जाता है कि पवित्र लेखों की खोज में लगे चीन के बौद्ध तीर्थयात्रियों द्वारा पतंगबाजी का शौक भारत पहुँचा। भारत में पतंग उड़ाने का शौक हजारों वर्ष पुराना है। एक हजार वर्ष पहले पतंगों का जिक्र संत नाम्बे के गीतों में भी दर्ज है। मुगल बादशाहों के शासनकाल में तो पतंगों की शान ही निराली थी। खुद बादशाह और शाहजादे भी इस खेल को बड़ी ही रुचि से खेला करते थे। तब पतंगों के पेंच लड़ाने की प्रतियोगिताएँ भी होती थी और जीतने वाले को इनाम मिलता था। कहा जाता है कि पतंगबाजी की शुरुआत चीन से हुई लेकिन कुछ विद्वानों का मत है कि चीन से पहले भारत में पतंग उड़ाने की परंपरा थी।



रामचरितमानस के बालकाण्ड के अनुसार त्रेतायुग में भगवान श्री राम ने मकर संक्रांति के दिन ही अपने भाइयों और श्री हनुमान के साथ पतंग उड़ाई थी, इसलिए तब से यह परंपरा पूरी दुनिया में प्रचलित हो गई। प्राचीन भारतीय साहित्य और धार्मिक ग्रंथों में भी पतंगबाजी का काफी उल्लेख मिलता है।

तमिल की तन्दनानरामायण में भी भगवान राम के पतंग उड़ाने का जिक्र है।

**'राम इक दिन चंग उड़ाई। इन्द्रलोक में पहुंची जाई।।'**

इस चौपाई को लेकर बड़ा ही रोचक प्रसंग है। कहा जाता है कि श्रीराम बालक अवस्था में थे। मकर संक्रांति के अवसर पर सूर्य के उत्तरायण होने पर अयोध्या में पर्व मनाया जा रहा था। पंपापुर से हनुमानजी को बुलवाया गया था, तब हनुमानजी बालरूप में थे। भगवान श्रीराम भाइयों और मित्र मंडली के साथ पतंग उड़ाने लगे। इसी दौरान उन्होंने पंतग के धागे को इतना ढीला कर दिया कि पतंग देवलोक तक पहुंच गई। तभी उस पतंग को देखकर इन्द्र के पुत्र जयंत की पत्नी बहुत आकर्षित हो गईं। वह उस पतंग और पतंग उड़ाने वाले के प्रति सोचने लगीं।

**'जासु चंग अस सुन्दरताई। सो पुरुष जग में अधिकाई।।'**

जयंत की पत्नी ने आकर्षक पतंग को लेकर सोच में पड़ गईं कि जब पतंग इतनी सुंदर है तो इसे उड़ाने वाला कितना सुंदर होगा? मन में इस भाव के चलते उन्होंने पतंग पकड़ ली और अपने पास रख ली। उन्होंने सोचा उड़ाने वाला अपनी पतंग लेने के लिए अवश्य आएगा, वह प्रतीक्षा करने लगीं। उधर पतंग पकड़ लिए जाने के कारण पतंग दिखाई नहीं दी, तब बालक श्रीराम ने बाल हनुमान को उसका पता लगाने के लिए भेजा।

**'तिन तब सुनत तुरंत ही, दीन्ही छोड़ पतंग।**
**खेंच लइ प्रभु बेग ही, खेलत बालक संग।'**

पवनपुत्र बाल रूप हनुमानजी आकाश में उड़ते हुए इन्द्रलोक पहुंचे। वहां जाकर उन्होंने देखा कि एक स्त्री उस पतंग को अपने हाथ में पकड़े हुए खड़ी है। हनुमान जी ने स्त्री से पतंग देने का आग्रह किया। इस पर जयंत की पत्नी ने कहा 'यह पतंग किसकी है?' वो पतंग उड़ाने वाले के दर्शन करना चाहती हैं। हनुमान जी यह सुनकर लौट आए और सारा वृत्तांत श्रीराम को कह सुनाया।

इसके बाद भगवान श्रीराम ने यह सुनकर हनुमान को वापस वापस भेजा कि वे उन्हें चित्रकूट में अवश्य ही दर्शन देंगे। हनुमान ने यह उत्तर जयंत की पत्नी को कह सुनाया, जिसे सुनकर जयंत की पत्नी ने पतंग छोड़ दी।

**बहादुरशाह जफर को पतंगबाजी का बहुत शौक था :** मुगल सम्राट बहादुरशाह जफर भी पतंगबाजी के बहुत शौकीन थे। मुगलिया दौर के बाद लखनऊ, रामपुर, हैदराबाद आदि शहरों के नवाबों में भी इसका खुमार चढ़ा। ये लोग पतंगों में अशरफियाँ बाँधकर कर उड़ाया करते थे। आखिर में पतंग की डोर तोड़ देते थे, ताकि गाँव के लोग पतंग लूट सकें।


**वाजिद अली दिल्ली आते थे पतंगबाजी के लिए :** वाजिद अली शाह तो पतंगबाजी के लिए हर साल अपनी पतंगबाज टोली के साथ पतंगबाजी के मुकाबले में दिल्ली आते थे. धीरे-धीरे नवाबों का ये शौक आम लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बनता गया।

**पतंग को उड़ाकर 'साइमन कमीशन' का विरोध किया गया था:** वर्ष 1927 में 'गो बैक' वाक्य के साथ लिखी हुई पतंगों को आसमान में उड़ाकर 'साइमन कमीशन' का विरोध किया गया था। आजादी की खुशी को जाहिर करने का माध्यम भी पतंग को बनाया गया। 15 अगस्त के दिन दिल्ली में खूब पतंगें उड़ाई गई थीं यह परम्परा आज भी जारी है। इन साक्ष्यों से पता चलता है कि पतंग उडाने के परम्परा सदियों पुरानी है। जयपुर व अहमदाबाद की पतंगबाजी भी विशेष उलेखनीय है, यहाँ रंग-बिरंगी पतंगों को उड़ाने व दंगल का आयोजन होता है।



– **सोनम कुमावत,** बरकत नगर, जयपुर-302015

# ऐसे करें नव वर्ष का स्वागत



नये साल का सभी को बेसब्री से इंतजार रहता है। तारीखों के बदलने के साथ फिर नया साल आ गया है। समय के पहिए के साथ दिन, महीने और साल गुजरते जाते हैं और जीवन का कारवां चलता रहता है। वक्त ही तो है जो पुराने को ले जाता है और नए को लाता है। ऐसे ही वर्ष 2021 भी खट्टी-मीठी यादों के साथ बीत गया और वर्ष 2022 ने दस्तक दे दी। तो आइए, हम सब सूरज की पहली किरण, पक्षियों के चहचहाने और प्रकृति के सौंदर्य और उनकी अनूठी छटा में घुलते-मिलते हुए स्वागत करे नववर्ष 2022 का...।

प्रार्थना करें कि नववर्ष 2022 हम सबके जीवन में उल्लास व खुशियाँ लाए। जीवन में जो अधूरा है उसे पूरा करे। नवसृजन का संकल्प लें। नववर्ष 2022 में प्रत्येक व्यक्ति को उल्लास के साथ नवीन शुभ संकल्प लेना चाहिए तथा अपने मन के नकारात्मक विचारों का त्याग कर सत्कर्म के मार्ग पर चलने का दृढ़ संकल्प करना चाहिए। 2021 जहां चुनौतियों का साल था तो वहीं 2022 से लोगों को राहत की उम्मीदें है। कोविड-19 महामारी से प्रभावित साल 2021 के बाद 2022 ऐसी खुशियाँ लेकर आ रहा है जिसमें सबको नई आशा और नई उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है।

आने वाले वर्ष 2022 से लोगों की बहुत आशाएं जुड़ी हैं, ऐसे में देश-दुनिया के लोग अपने नए साल के संकल्प और योजनाएं बनाने में जुट गए हैं। नववर्ष हमें महामारी के बाद अपनी उजड़ गई दुनिया को फिर से बसाने और नए सिरे से काम करने का अवसर देगा और सकल समाज खुद को बेहतर बनाएगा। कोरोना सुरक्षा प्रोटोकॉल और शारीरिक दूरी के मानदंडों का पालन करते हुए अब जब हम 2022 में प्रवेश कर रहे हैं, तो 2021 जैसे कठिन साल को भुलाना ही सबसे बेहतर जश्न है।

**अपने आप को पहचान दीजिए**-भगवान की नियामत के रूप में यदि यह जीवन मिला है, तो इसे पहचान देने की कोशिश कीजिए। कुछ ऐसा कीजिए जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए सकारात्मक और यादगार बन जाए।

**अपने लक्ष्य पर नजर रखें**-जीवन में कुछ भी असंभव नहीं है। अर्जुन की तरह लक्ष्य क्षमता होनी चाहिए। हमारे संकल्प की दृढ़ता हर मुश्किल को आसान कर देती है। लक्ष्य तक पहुँचने के लिए सब दरवाजे खुल जाते हैं।

**खुशियाँ देने का नियम बनाईये**-जिंदगी बहुत खूबसूरत है, मगर इसे दूसरों की जिंदगी में भी मिठास घोलते हुए बिताया जाए तो इसके मायने ही बदल जाते हैं। खुशियाँ देने से बढ़ती हैं, इसलिए देने का नियम बनाइये।

**हौसले बुलंद रखें**- किसी क्षेत्र में विजय पाने के लिए मजबूत हौंसलों की जरूरत होती है। यह हौंसले आपको अपने अंदर पैदा करने होंगे तभी तो आप दूसरों की हौसला अफ्ज़ाई कर सकेंगे और जिंदगी के कड़े मुकामों को आसानी से पार कर सकेंगे।

**अपना नजरिया बदलिए**-हर बात में एक ही राय कायम न करें। परिस्थितियों को देखते हुए अपने नजरिए में परिवर्तन करना वर्तमान की एक आवश्यकता है। हमेशा किसी चीज में बुराई ढूंढ़ने के बजाए मौजूदा गुणों को देखिए। जाने-अनजाने आपके खाते में कुछ अच्छा ही जुड़ेगा, इस बात का ध्यान रखिये।

**वर्तमान में जीयें**-अतीत से चलते हुए वर्तमान में जब आपने कदम रख दिए हैं तो वर्तमान में उसमें सुधार के बारें में चिंता कीजिए। भविष्य खुद-ब-खुद सँवर उठेगा।

**हमेंशा सहज बने रहे**-सहज जीवन ही स्वस्थ एवं सुंदर जीवन की नींव होता है। जीवन में जितना सहज होंगे संतोष और संतुष्टि आपके पास अन्य लोगों से ज्यादा होगी।

**चुनौतियों को स्वीकार करें**- जीवन में कोई भी कार्य करते हुए अगर हमारा लक्ष्य सकारात्मक और नि:स्वार्थ है तो आगे बढ़ने के लिए मार्ग यूं ही आसान हो जाता है। कड़ी चुनौतियां भी फिर कुछ भी बिगाड़ नहीं सकतीं।

**छोटी-छोटी खुशियों को सहेजे**-कई बार हम बड़ी खुशियों की चाह में जीवन में आने वाली छोटी-छोटी खुशियों को नजरअंदाज कर देते हैं। मगर कभी इन छोटी-छोटी खुशियों को सहेजकर देखिए आप पाएंगे कि बड़ी खुशियाँ स्वत: ही आपके पास चली आएंगी।

**संभलकर बोलिये**- शब्दों के बिना अभिव्यक्ति नहीं की जा सकती। मगर इन शब्दों को कहने का तरीका भी समझना होगा, हर एक से मीठा बोलें क्योंकि गलत बोलने में तो समय नहीं लगता पर यह किसी को कितनी तकलीफदे सकते हैं, उस पर विचार जरूरी है। **'शब्द के हाथ न पांव रे, एक शब्द औषधि करे, एक करे है घाव रे।'**

नववर्ष अपने दामन में प्रत्येक व्यक्ति के लिए कुछ न कुछ नयी सौगातें, सपने एवं अवसर समेटकर लाता है। जिन्हें पूरा करने का हमें इस दिन संकल्प लेना होता है। तो आओ हम सभी मिलकर लें नये साल में नये संकल्प-

नववर्ष महज महंगी-महंगी होटलों में बेशुमार पैसों का अपव्यय करने का दिन मात्र नहीं हैं अपितु ये तो पुराने साल का विश्लेषण व आने वाले साल के स्वागत का अहम समय है। जहाँ इंसान को सोच-समझकर नववर्ष में अपने को बेहतर तरीके से दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करना है। या यूं कहे नववर्ष सपनों व आशाओं का आशियाना है। जहां गरीब से लेकर अमीर तक नये सपने और नयी आशाओं को संजोते हैं।

नववर्ष में आशा की जानी चाहिए कि देश से गरीबी खत्म हो जाए, भ्रष्टाचार का भूत शिष्टाचारियों को सताना बंद कर दे। महंगाई सरकार के काबू में आ जाएं। आतंकवादियों का हृदय परिवर्तन हो जाए और वे आतंक का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण कर दें। नेता वायदों की कबड्डी खेलना बंद करें और देश के उत्थान का संकल्प लें। युवापीढ़ी फैशन और व्यसन से हाय-तौबा करके आदर्श नागरिक बनकर देश के नव निर्माण में अपनी किंचित मात्र ही सही आहुति प्रदान करे।

घरेलू हिंसा का दौर थमे, कोई फुटपाथ पर सोने को मजबूर न हो और किसी का आत्मगौरव व आत्मविश्वास शर्मिंदा न हों। सबके

**शेष पृष्ठ 22 पर ...**

# काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण कर दिया है। इस लोकार्पण से पहले काशी को दुल्हन की तरह सजाया गया था। काशी की भव्यता दिव्यता देखते ही बन रही थी, दुल्हन की तरह सजी काशी की भव्यता से देखने वालों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

सन् 1669 में अहिल्याबाई होल्कर ने काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनरुद्धार कराया था। उसके लगभग 352 वर्ष बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके पुनरुद्धार के लिए 8 मार्च 2019 को विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर का शिलान्यास किया था लगभग 2 साल 8 महीने में इस ड्रीम प्रोजेक्ट का 2600 मजदूर और 300 इंजीनियर लगातार तीन शिफ्ट में काम कर पूरा कर लिया गया है।

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की दिव्यता का अंदाजा इस बात से लगाइए कि 700 करोड़ की लागत से 33 महीने में तैयार हुए श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण रेवती नक्षत्र में हुआ। इसके साथ ही अब यह आम लोगों के लिए भी खोल दिया लगभग 50000 वर्ग मीटर में इस इस भव्य कॉरिडोर का पूरा कर लिया गया है। अब वाराणसी में पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा।

**प्रधानमंत्री ने मजदूरों के साथ भोजन किया :** काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण में अपना सहयोग देने वाले मजदूरों के साथ प्रधानमंत्री ने भोजन किया। इससे पहले पीएम ने मजदूरों पर पुष्पवर्षा भी थी और उनके साथ फोटो भी खिंचवाई थी।

पीएम मोदी ने काशी का निर्माण करने वाले मजदूरों का धन्यवाद किया. उन्होंने कहा कि इन मजदूरों ने कोरोना काल में भी निर्माण कार्य को रुकने नहीं दिया।

# उर्वशी बालोदिया की कलम से : नववर्ष का संदेश

अंग्रेजी कलैण्डर के अनुसार शीघ्र ही हम नववर्ष, 2022 का आगाज करने जा रहे हैं। आने वाला वर्ष सभी भारतवासियों के लिए सुखकारी, समृद्धिकारी तथा विकास व उलास से अलंकृत हो, ऐसी हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। आगामी वर्ष जहां नव चेतना तथा नव जागृति की ऊर्जा से ओतप्रोत होगा तथा हमारे लिए विकास के नये सोपान लाएगा, वहीं कुछ चुनौतियाँ तथा समस्याएं भी अभी हमारे समक्ष खड़ी हैं जिनका सामना भी हमें आने वाले साल तथा आगे के कुछ सालों में करना पड़ सकता है। कोरोना इनमें सबसे प्रमुख चुनौती है जिसके कारण हमारी सामाजिक, राजनैतिक तथा आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हुई है। वैक्सीन से तथा एहतियात व सावधानी द्वारा हमने काफी हद तक कोरोना पर नियंत्रण पा लिया था किन्तु सरकार तथा जनता की लापरवाही के चलते पुन: कोरोना वायरस अपने पैर पसारने लगा है। एक बार पुन: हम सभी का यह दायित्व तथा जिम्मेदारी हो गयी है कि हम वायरस के दुष्परिणामों के प्रति सजग रहें तथा गाइड लाइन का पालन करते हुए इस महामारी पर नियंत्रण रखने का प्रयास करें। यह तो राष्ट्रीय स्तर की बात हुई अब यदि सामाजिक स्तर पर बात की जाए तो नववर्ष हमारे सभी समाज बन्धुओं के लिए खुशियों से सराबोर तथा विकास और उन्नति की नयी धारा लेकर आए। हमारा समाज राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक नवीन पहचान कायम करते हुए उन्नति के उच्चतम शिखर को चूमें। समस्त समाज के लिए यही हमारी शुभकामनाएं हैं। हमारे युवा वर्ग के लिए विशेष तौर पर कहना चाहूंगी कि नये साल में सभी खूब उन्नति करें। अपने-अपने सपनों को पूरा करने में कामयाब हों तथा शिक्षा, व्यवसाय और अन्य क्रिया कलापों में आशातीत सफलता प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करें तथा अपने परिवार एवं बुजुर्गों की उम्मीदों व आकांशाओं को पूरा करे। नववर्ष सभी के लिए मंगलकारी तथा कल्याणकारी हों। सभी समाज बन्धुओं को नवर्षकी शुभकामनाएं तथा बधाई। 'कुमावत इंडिया' पत्रिका टीम के समस्त सदस्यों को, जिनके समग्र सम्मिलित प्रयासों के फलस्वरूप आज यह पत्रिका समाज में प्रसिद्धि के शीघ्र पर आसीन है, विशेष आभार तथा शुभकामनाएं।

**- उर्वशी बालोदिया**

## ऐसे करें नव वर्ष का स्वागत ...पृष्ठ 21 से आगे

भुजबलों में इतनी शक्ति व सामर्थ्य जागे कि वे जीवन कि हर परिस्थिति का पूरे जोश के साथ मुकाबला कर सके। बुजुर्गों का हर घर में सम्मान हों और बहुओं को दहेज के नाम पर नहीं जलाया जाएं। हर समस्या का समाधान हो और हर कोई जीवन के प्रति बेहद ही सकारात्मक व आशावादी दृष्टिकोण से सोचना-देखना शुरू कर दें। इसी संदर्भ में कवि हरिवंश राय बच्चन की ये पंक्तियां नववर्ष को हर किसी के समक्ष एक संदेश के रूप में प्रस्तुत करती प्रतीत होती है- अभी तो मीलों चलें हम और हमें मीलों चलना है। क्योंकि चलना ही नियति है। आप सभी पाठकों को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार की ओर से नये साल 2022 की हार्दिक शुभकामनाएँ।

**-जयसिंह गुडीवाल, सह सम्पादक**

# विभिन्न संस्थानों में नई भर्तियों हेतु आवेदन आमंत्रित

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पद का नाम | पदों की संख्या | वेतनमान/ लेवल | अधिकतम आयु | योग्यता | अंतिम तिथि | वेबसाईट का पता | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, आमेर, जयपुर | कनिष्ठ स्टेनोग्राफर | **1** | लेवल –4 | 28 | 12 वीं | 1 फरवरी 2022 | **www.nia.nic.in** | **केवल ऑफलाइन आवेदन मान्य** |
| 2 | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, आमेर, जयपुर | कनिष्ठ सहायक | **3** | लेवल –2 | 27 | 12 वीं | 1 फरवरी 2022 | **www.nia.nic.in** | **केवल ऑफलाइन आवेदन मान्य** |
| 3 | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, आमेर, जयपुर | लेबोरेट्री सहायक | **2** | लेवल –5 | 30 | 12 वीं एवं 1 वर्षीय लेबोरेटरी प्रमाण पत्र | 1 फरवरी 2022 | **www.nia.nic.in** | **केवल ऑफलाइन आवेदन मान्य** |
| 4 | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, आमेर, जयपुर | एम टी एस | **11** | लेवल –1 | 27 | 10 वीं | 1 फरवरी 2022 | **www.nia.nic.in** | **केवल ऑफलाइन आवेदन मान्य** |
| 5 | राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर, राजस्थान | जन संपर्क अधिकारी | **76** | लेवल–8 | 35 | स्नातक | 31 दिसम्बर 2021 | www.rsmssb.rajasthan.gov.in | **केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य** |
| 6 | राष्ट्रीय कृषि एवं मार्केटिंग संस्थान, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान | रिसर्च अधिकारी | **4** | लेवल–10 | 40 | स्नातकोत्तर | 1 फरवरी 2022 | www.ccsniam.gov.in | **केवल ऑफलाइन आवेदन मान्य** |
| 7 | भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान, बेंगलोरू | कनिष्ठ तकनीकी सहायक | **11** | लेवल.–5 | 27 | स्नातक | 3 जनवरी 2022 | https://www.iiap.res.in /job.htm/?q=job_postings | **केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य** |
| 8 | भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान, बेंगलोरू | कार्यालय सहायक | **5** | लेवल.–4 | 27 | 12वी | 3 जनवरी 2022 | https://www.iiap.res.in /job.htm/?q=job_postings | **केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य** |
| 9 | बी पी सी एल, भारत सरकार | मैनेजर एवं अन्य | **36** | लेवल–1 | 35 | स्नातकोत्तर | 12 जनवरी 2022 | www.bcplonline.co.in | **ऑनलाइन आवेदन के साथ पत्र प्रेषण** |
| | | **कुल रिक्तियाँ** | **149** | | | | | | |

## नई साल मँ अरज

अरज करूँ अे कुबदाँ अबकै,
नई साल मँ मत करज्यो।
छाना–माना नँ रहवो तो,
गई साल सूं कम करज्यो।।
बेट्यां नैं क्हबो लाचारी,
भीड़ बँटाबो बेटां की।
छानैं–ओलै, चोरी–चोरी,
जाँच कराबो पेटां की।
गर्भवास मँ मारा–मारी,
नई साल मँ मत करज्यो।
छाना–माना............... ।। 1।।

दान दायजो, होड़ा–होड़ी,
थोथा खरचा सावा म्हँ।
परण्यां पाछै माथा–फोड़ी,
हाय–धाय मुकलावा म्हँ।
दायज खातर छोड़ा–छोड़ी,
नई साल मँ मत करज्यो।
छाना–माना............... ।। 2।।

गाँजो चिलम तमाखू पीबो,
अमल बाँटबो मौसर म्हँ।
जरदो–खैणी, गुटखा खाबो,
दाँव लगाबो चौसर म्हँ।
दारू पी, मारूड़ी गाबो,
नई साल मँ मत करज्यो।
छाना–माना............... ।। 3।।

झूंठ कपट जंजाळ रचाबो,
ठाला बैठ हथायां म्हँ।
भायां मांही फूट कराबो,
झगड़ो लोग–लुगायां म्हँ।
वोटां खातर लाय लगाबो,
नई साल मँ मत करज्यो।
छाना–माना............... ।। 4।।

राजनीति की पाट पुजाबो,
लेश्र धर्म की खड़तांळो।
छट्ठै महिनैं हाट सजाबो,
धरणां जलसा हड़तांळो।
नेक काम मँ टांग अड़ाबो,
नई साल मँ मत करज्यो।
छाना–माना............... ।। 5।।

कोठा भरबो, जुड़बो ताळो,
लूट मचाबो भावा म्हँ।
दो नंबर का धन्धा काळो,
और मिलावट मावा म्हँ।
'चंचल' बेईमानी जाळो,
नई साल मँ मत करज्यो।
छाना–माना............... ।। 6।।

**प्रहलाद कुमावत 'चंचल'**, जाहोता

## यादों के झरोखे से-2021

....पृष्ठ 15 से आगे

5. चित्तौडगढ़। ट्विंकल ने नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल जीता- राणा सांगा बाजार, चित्तौडगढ़ में चाय की रेडी लगाने वाले कन्हैयालाल की बेटी ट्विंकल ने यूथ गेम्स फेडरेशन ऑफइंडिया नेशनल चेम्पियनशिप 2021 में 65 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता।

### अक्टूबर-21

1. इन्दौर। भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में पल्लवी वर्मा 340वीं रैंक के साथ उत्तीर्ण- इंदौर निवासी पल्लवी वर्मा ने भारतीय सिविल सेवा परीक्षा 340वीं रैंक के साथ उत्तीर्ण की। जयपुर पहुंचने पर पल्लवी वर्मा का समाजबंधुओं व कुमावत इंडिया परिवार व टीम चेतन धुंधारिया द्वारा भव्य स्वागत किया गया।
2. तमिलनाडु। शंकरलाल कुमावत रामनाथपुरम के कलेक्टर बने- खाटूश्यामजी निवासी शंकरलाल कुमावत तमिलनाडु के रामनाथपुरम के जिला कलेक्टर बनाए हैं। शंकरलाल कुमावत 2010 बैच के तमिलनाडु कैडर के आईएएस अधिकारी हैं।
3. टीम चेतन धुंधारिया द्वारा डांडिया नाइट-2021 का आयोजन- टीम चेतन धुंधारिया द्वारा नवरात्रा के अवसर पर डांडिया नाइट का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य बंधुओं ने लुफ्त उठाया।
4. नावांसिटी के भंवरलाल को सोशियल मीडिया ग्रुप 'अपना समाज 2918' ने 41 हजार रुपए की सहायता दी।
5. किशनगढ़-रेनवाल में कुमावत समाज की चिंतन बैठक।
6. रूपनगढ़ कुमावत समाज के सौजन्य से श्री कुमावत युवा शक्ति के तत्वावधान में समाज की 170 प्रतिभाएं सम्मानित।
7. जयपुर। बरकत नगर टोंक फाटक की कुमावत क्षत्रिय विकास समिति के श्री बाबूलाल ब्याड़वाल निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित।
8. दहमी बालाजी, बगरू श्री क्षत्रिय कुमावत समाज कल्याण संस्थान के रामसहाय मारोठिया अध्यक्ष एवं चैनसुख बड़ीवाल सचिव बने।

### नवम्बर-21

1. सीकर। श्री सूंडारामजी वर्मा को पद्मश्री सम्मान- भारत प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक श्री सूंडाराम जी वर्मा को उनके द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यो के लिए राष्ट्रपति द्वारा 'पद्मश्री' सम्मान से नवाजा गया।
2. जयपुर। बाबूलाल मारोठिया सवाई जयपुर अवार्ड से सम्मानित- प्रसिद्ध चित्रकार शिल्पगुरू बाबूलाल मारोठिया को चित्रकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए महाराजा सवाई जगतसिंह अवार्ड 2021 से सम्मानित किया गया।
3. **जयपुर। श्रवण कुमावत वार्ड 137 के भाजपा अध्यक्ष बने**- वार्ड 137 मालवीय नगर विधानसभा के वार्ड भाजपा अध्यक्ष श्रवण कुमावत नियुक्त किये गये।
4. जयपुर। राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान 2021 से परेश्वर कुमावत सम्मानित।
5. जयपुर। स्वामिनी सेवा संस्थान ने 'घर-घर दिवाली' महोत्सव-2021 के तहत जरूरतमंद लोगों को मिठाई, कपड़े व पटाखे वितरित किए।

### दिसम्बर-21

1. जयपुर। मोहन कुमार बालोदिया भजन यूट्यूब पर रिलीज- प्रसिद्ध गायक मोहन कुमार बालोदिया का भजन 'कृष्णा कृष्णा बोल' यूट्यूब पर रिलीज किया गया। श्रोताओं द्वारा इसकी बहुत प्रशंसा की गई।
2. जयपुर। भागचंद कुमावत संयुक्त सचिव नियुक्त- भागचंद कुमावत ड्रापबॉल फेडरशन ऑफइंडिया के संयुक्त सचिव नियुक्त किये गये।
3. चौमूं। पार्षद महेन्द्र कुमावत ने पेयजल समस्या का समाधन कराया।

**संकलनकर्ता**



**जयसिंह गुडीवाल**
सह सम्पादक



**खेमचंद खड़गटा**
व्यवस्थापक मण्डल सदस्य

### नये सदस्य

5/83 श्री मनीष कुमावत, सांगानेर
5/84 श्री दौलतराज, मुरलीपुरा, जयपुर
5/85 श्री सुरेश खाटूवाल डूंडलोद कॉलोनी, जयपुर
5/86 श्री महेन्द्र कुमावत, झोटवाड़ा, जयपुर
5/87 श्री हनुमान सहाय कुमावत दुर्गापुरा, जयपुर
5/88 श्रीमती संतोष बालोदिया, रामनगर, एक्सटे., सोडाला जयपुर
5/89 श्री राजकुमार कुमावत, रुचिका ट्रेडर्स, जयपुर
5/90 श्री राजसिंह बधानिया, मिश्रराजाजी का रास्ता जयपुर
5/91 अनिता कुमावत, राकड़ी, जयपुर
5/92 श्री ओम प्रकाश राजोरिया, बनीपार्क, जयपुर
5/93 श्री राकेश मारोठिया, इमली फाटक, जयपुर
5/94 श्री मुकेश कारगवाल, टोंकफाअक, जयपुर
5/95 श्री राजेश कुमावत, सी-स्कीम, जयपुर
5/96 श्री शिवा मरोडिया, इमली फाटक, जयपुर
5/97 श्री प्रेमचन्द कुमावत, सांगानेर
5/98 श्री रूडमल कुमावत, इमली फाटक, जयपुर
5/99 श्री गोविन्द नारायण कुमावत ब्रह्मपुरी, जयपुर
5/100 श्री छीतरमल कुमावत, जाहोता, जयपुर
5/101 श्री भवानी सिंह, शास्त्रीनगर, जयपुर
5/102 श्री गिरीश निमीवाल,रामबाग, एक्सटे. सोडाला जयपुर
5/103 श्री रामनिवास कुमावत, मानसेरावर जयपुर
5/104 श्री अशोक, कुमावत स्कूल के पीछे, सोडाला जयपुर
5/105 श्रीमती सरोज कुमावत, रामनगर एक्सटे., सोडाला जयपुर
5/106 श्री शंकर लाल कुदीवाल, खातीपुरा, जयपुर
5/107 श्री श्रवण राजोरिया, रूपसिंहपुरा, जयपुर
10/201 श्री महेश कुमावत, नेहरू प्लेस, जयपुर
10/202 श्री रामप्रकाश वर्मा, रामनगर, जयपुर
10/203 डॉ. बी.डी. कुमावत, लालकोठी स्कीम, जयपुर
10/204 श्री तेजपाल सिरस्वा, कुचामनसिटी,
10/205 श्री चेतन बालोदिया, महारानी फार्म, जयपुर
10/206 श्री हरि भगवान कुमावत, चौमूं, जयपुर
10/207 डॉ. पी.एम. कुमावत, उज्जैन

वि/1 श्री महेश चन्द जलान्धरा, झोटवाड़ा, जयपुर
वि/2 श्री नीरज धुन्धारिया, आनन्दपुरी, जयपुर
वि/3 श्री मनीष खोवाल कुमावत एडवोकेट, जयपुर
वि/4 श्री मनोज कुमार सिरसवा, जयपुर
वि/5 श्री शंकर लाल जायलवाल, टोंक रोड, जयपुर
वि/6 श्री यतेन्द्र अजमेरा, त्रिमूर्ती सर्किल, जयपुर
वि/7 श्री राकेश चन्द सिरोहिया, झोटवाड़ा, जयपुर
वि/8 श्री संदीप नागा, बापू नगर, जयपुर
वि/9 श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा, भौरोदिया जयपुर
वि/10 श्री मोहन कुमार घोड़ीवाल, जयपुर
वि/11 श्री नवल सरथल्या, महावीर नगर, जयपुर
वि/12 श्री पंकज कुमावत, वैरा झोटवाड़ा, जयपुर
वि/13 श्री चेतन कुमावत, डीसीएम, जयपुर
वि/14 श्री मनोज माचीवाल, झोटवाड़ा, जयपुर
वि/15 श्री दीपक सिरोहिया, झोटवाड़ा, जयपुर
वि/16 श्री लक्ष्मी नारायण घोड़ीवाल, जयपुर
वि/17 श्री योगेश वर्मा, खड़गटा, टोंक रोड, जयपुर
वि/18 श्री शैलेन्द्र खटगटा, टोंक रोड, जयपुर
वि/19 श्री विनोद बालोदिया, दुर्गापुरा जयपुर
वि/20 श्री ओमकार मल घोड़ेला, रींगस रोड, जयपुर
वि/21 श्री रामपाल मारवाल, झोटवाड़ा, जयपुर
वि/22 श्री रामप्रकाश बेरा, मुरलीपुरा, जयपुर
वि/23 श्री मोहनलाल घोड़ेला, नींदड़, जयपुर
वि/24 श्री कालूराम होदकास्या, नींदड़, जयपुर
वि/25 श्री जयनारायण मारवाल, जोटवाड़ा, जयपुर
वि/26 श्री महेंद्र खरोलिया, चांदपोल बाजार, जयपुर
वि/27 डॉ. सीताराम नागा, जोबनेर, जयपुर
वि/28 श्री शंकरलाल मामोरिया, 22 गोदाम, जयपुर
वि/29 श्री रामस्वरूप खोराणिया, जयपुर
वि/30 श्री नरेंद्र कुमार आर्य, ब्यावर, अजमेर
वि/31 श्री चेनसुख बड़ीवाल, बगरू, जयपुर
वि/32 श्री चांदमल कुमावत (घोड़ेला), मुंबई
वि/33 श्री राजसिंह गैदर, टोंक रोड, जयपुर
वि/34 श्री मनोज ब्याडवाल, श्रीराम नगर झोटवाड़ा
वि/35 श्री गोपाल मारवाल, श्रीमाधोपुर, सीकर
वि/36 श्री मनीष मारवाल, निवारू रोड, जयपुर
वि/37 श्रीरूप सिंह कारगवाल, जयपुर
वि/38 श्री दया प्रकाश जलांधरा, इंदौर
वि/39 श्री नवीन कुमार वर्मा भौंरोदिया, इंदौर
वि/40 श्री राजेंद्र प्रसाद, तमिलनाडु
वि/41 श्री शिव भगवान चेजारा, सिरस्वा, सीकर
वि/42 श्री तेज प्रकाश नागा, जोबनेर, जयपुर
वि/43 श्री पृथ्वीराज जलान्धरा, झोटवाड़ा, जयपुर
वि/44 श्री मोहन कुमार बालोदिया, जयपुर

## विशिष्ठ संरक्षक

वि/45 श्री पुरुषोत्तम लाल घोड़ेला, जयपुर
वि/46 श्री ललित स्वरूप पोडेला, जयपुर
वि/47 श्री विजय कुमावत (भौरोंदिया), जयपुर
वि/48 श्री अरविंद सिरस्वा, पचार, सीकर
वि/49 श्री मूलचंद खोवाल, जयपुर
वि/50 श्रीमती शशि वर्मा, धुमुनिया, दुर्गापुरा, जयपुर
वि/51 श्री राजेंद्र जूनवाल टोंक फाटक, जयपुर
वि/52 श्री सतीश चंद खाटूवाल, जयपुर
वि/53 श्री नन्द किशोर सिरस्वा, झोटवाड़ा, जयपुर
वि/54 श्री संतोष खरनारिया कुमावत, अजमेर
वि/55 श्री प्रमोद कुडावलिया, छत्तीसगढ़
वि/56 श्री मनोज बड़ीवाल, रायपुर, छत्तीसगढ़
वि/57 श्री श्रीराम नीमिवाल, जयपुर
वि/58 श्री भीवाराम दम्बीवाल, निर्माण नगर, जयपुर
वि/59 श्री पन्नालाल सिरस्वा, निर्माण नगर, जयपुर
वि/60 श्री रामस्वरूप कुमावत, बड़ीवाल, मुम्बई
वि/61 श्री हेमेंद्र सिंह गैदर, टोंक रोड, जयपुर
वि/62 श्री साधुलाल चेजारा (सिरस्वा), जयपुर
वि/63 श्री गोपाललाल बासनीवाल, जयपुर
वि/64 श्री मोहनलाल मामोड़िया, जयपुर
वि/65 श्री रामकुमार बिरथलिया, जयपुर
वि/66 श्री जगदीश कुमावत
वि/67 श्री मुकेश कु. कुदीवाल, झोटवाड़ा, जयपुर
वि/68 श्री रोहिताश मोरवाल, झोटवाड़ा, जयपुर
वि/69 श्री शुभकरण किरोड़ीवाल, सूरत
वि/70 श्री नान्छीलाल कुद्दीवाल, जयपुर
वि/71 श्री रमेश चंद माचीवाल, त्रिनगर, दिल्ली
वि/72 श्री राधेश्याम घासोलिया, दिल्ली
वि/73 श्री हंसराज मारवाल, ब्यावर
वि/74 श्री मेघराज सिरस्वा, छत्तीसगढ़
वि/75 श्री सूरजमल अनावड़िया, लाल कोठी, जयपुर
वि/76 श्री छीतरमल धुंधारिया, निवारू रोड, जयपुर
वि/77 श्री रामगोपाल खोराणिया, सोडाला, जयपुर
वि/78 श्री हरिशंकर राजौरा, जयपुर
वि/80 डॉ. प्रवीण कुमार मारवाल, झुंझुनूं
वि/81 श्री अर्जुन लाल धुन्धारिया, जयपुर
वि/82 श्री ओम प्रकाश धुन्धारिया, जयपुर
वि/83 श्री गोविंद नारायण तांगड़ा, जयपुर
वि/84 श्री सुरेंद्र सिंह तारकसी, बापू नगर, जयपुर
वि/85 श्री माधव दास बालोदिया, जयपुर
वि/86 श्री मोहित धुन्धारिया, जयपुर
वि/87 श्री बाबूलाल मंडावरा, जयपुर
वि/88 श्री मनीष वर्मा (सिरस्वा), दुर्गापुरा, जयपुर
वि/89 श्री हेमांक खड़गटा, मोती डूंगरी, जयपुर
वि/90 श्री कैलाश जलान्धरा, माल की ढाणी, दूदू
वि/91 श्री लोकेश जंहाजपुरिया, नंदपुरी, जयपुर
वि/92 श्री नन्दकिशोर आसीवाल, रिंगस, सीकर
वि/93 श्री बाबूलाल धुन्धारिया, वीकेआई, जयपुर
वि/94 श्री रामसिंह बैथाड़िया, तुलसी सेन्ट्रल मैन बाजार, सांगानेर
वि/95 श्री मदन लाल कुमावत, निर्माण नगर, जयपुर
वि/96 श्री नरेंद्र मामोडिया, अशोक नगर, उदयपुर
वि/97 श्री बाबूलाल कुमावत, झोटवाड़ा, जयपुर
वि/98 श्री रमेश मारवाल, खातीपुरा, जयपुर
वि/99 श्री प्रहलाद नारायण कुमावत, जयपुर
वि/100 श्री सत्यनारायण कुमावत, जयपुर
वि/101 श्री दीपेश टी. मँडावरा, जयपुर
वि/102 श्री राकेश कुमावत (एडवोकेट), बरकत नगर, जयपुर
वि/103 श्री ओमप्रकाश कुमावत, जयपुर
वि/104 श्री रमेश चन्द ब्याड़वाल, नई दिल्ली
वि/105 डॉ. एन.के. कुमावत, लालकोठी, जयपुर
वि/106 श्री राम प्रसाद छापोला, झोटवाड़ा, जयपुर
वि/107 श्री गिरधारी लाल सिंघनवाल, उदयपुर
वि/108 श्री राकेश कुमावत (धनारिया), उदयपुर
वि/109 श्री बाबूलाल वर्मा (ब्याड़वाल), नई दिल्ली
वि/110 श्री कन्हैयालाल खण्डारिया, जयपुर
वि/111 डॉ. महेश कुमार जालवाल, जयपुर
वि/112 डॉ. श्रीमती श्यामा कुमावत, उदयपुर
वि/113 श्री महेश कुमार कुमावत, किशनगढ़
वि/114 श्री मुकेश वर्मा (मरोड़िया), जयपुर
वि/115 श्री जयकिशन कुमावत (सोकिल), चौमूं
वि/116 श्री गजेंद्र मारवाल, सांगानेर, जयपुर
वि/117 श्री सुनील तोंदवाल, वीकेआई, जयपुर
वि/118 श्री मदनलाल जलान्धरा, झोटवाड़ा, जयपुर
वि/119 श्री सुमित कुमार घोड़ेला, मुंबई
वि/120 श्री ओम प्रकाश का कारगवाल, ब्यावर
वि/121 श्री प्रेमचन्द कुमावत (बैरा), झोटवाड़ा, जयपुर
वि/122 श्री योगेश वर्मा, मुम्बई
वि/123 श्री राजेश धूंधारिया, डूंडलोद कॉलोनी, जयपुर
वि/124 श्री सुनील प्रकाश वर्मा, मुम्बई
वि/125 श्री उम्मेद सिंह नन्दीवाल पुत्र श्री जी.एस. नन्दीवाल, जयपुर
वि/126 श्री रामलाल बैथाड़िया
वि/127 श्री लोकेन्द्र बालोदिया, जयपुर
वि/128 श्री कुमार गौरव कुमावत, कोटा
वि/129 श्रीमती मेघना कुमावत, जयपुर
वि/130 श्री दामोदर लाल जलान्दरा, जयपुर
वि/131 डॉ. पी.एम. कुमावत, उज्जैन

## ''कुमावत इंडिया'' पत्रिका परिवार की ओर से सभी दिवंगत आत्माओं को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

17 नवम्बर श्रीमती सुशीला देवी धर्मपत्नी लक्ष्मीनारायण किरोड़ीवाल, मुम्बई
18 नवम्बर श्री मोहन पुत्र स्व. श्री भोलूराम खेराणिया, अजमेर
18 नवम्बर श्री नवरतन राहोरिया, त्रिवेणी नगर, जयपुर
21 नवम्बर श्री ओमप्रकाश जी देवतवाल रामपुरा रोड, सांगानेर, जयपुर
21 नवम्बर श्रीमती रामेश्वरी देवी धर्मपत्नी स्व.मूलचन्द घोड़ेला, फुलेरा
22 नवम्बर श्री लल्लूलाल खोराणिया ढेजर के बालाजी, जयपुर
23 नवम्बर श्री रोशन लाल दम्बीवाल, बोरिंग चौराहा, कालवाड़ रोड,ज यपुर
23 नवम्बर श्री लविश कुमावत पुत्र श्री मुकेश कुमावत, इदौर
24 नवम्बर श्रीमती गीता देवी धर्मपत्नी श्री रामगोपाल नोखवाल, किशनगढ़
25 नवम्बर श्रीमती दुर्गादेवी धर्मपत्नी स्व. श्री प्रभूदयाल पालडीवाल, ब्यावर
26 नवम्बर श्री घीसालाल भैरूदिया, मदनगंज-किशनगढ़
27 नवम्बर श्रीमती कमला देवी धर्मपत्नी स्व. श्री भंवरलाल कुद्दीवाल, जयपुर
27 नवम्बर श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी स्व. श्री नानगराम बबेरीवाल, जयपुर
28 नवम्बर श्री मदनलाल पुत्र स्व. श्री वल्लभराम काम्या धोला भाटा, अजमेर
4 दिसम्बर श्री राम चन्द्र पुत्र स्व. श्री सूरजीलाल कुदीवाल, झोटवाड़ा, जयपुर
5 दिसम्बर श्री सिद्धार्थ वर्मा पुत्र श्री मोहन कुमार घोड़ीवाल, जयपुर
7 दिसम्बर श्रीमती अनुकृति (बिन्नी) धर्मपत्नी संजय असीवाल, जयपुर
8 दिसम्बर श्रीमती नाथी देवी धर्मपत्नी स्व. श्री हनुमान प्रसाद नरानिया, किशनगढ़
10 दिसम्बर श्री ग्यारसीलाल (सिरस्वा) वर्मा, महारानी फार्म, जयपुर
12 दिसम्बर श्री नवरत पुत्र श्री रामअवतार बरबूंडा, लालकोठी योजना, जयपुर

## कुमावत क्षत्रिय महासभा का तीन दिवसीय अधिवेशन सूरत में 8-10 जनवरी को

भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा रजि. की आम सभा आयोजन जयपुर जी एस टावर कालवाड रोड में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता ताराचंद सिरोहिया ने की। जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी का तीन दिवसीय अधिवेशन अहमदाबाद में 8-10 जनवरी 2022 को करने का निर्णय किया। 8 जनवरी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी मीटिंग, 9 जनवरी को अधिवेशन और 10 जनवरी को राष्ट्रीय मंत्रिमंडल के चुनाव होंगे।

# विवाह योग्य युवक-युवतियों की सूची

## युवक

| नाम | शिक्षा | व्यवसाय | जन्म | ऊंचाई | गौत्र | | | | सज़्पर्क सूत्र मो. नज़्बर | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | स्वयं | माता | दादी | नानी | | |
| गजेन्द्र | M.Com. | Stenographar Shop | 6.2.89 | 5'6'' | अनावड़िया | सांखला | अडानिया | देवतवाल | 9460814992 | जोधपुर |
| विकास | B.Com Istyear | 4 lakh Annualy | 24.12.94 | 5'5'' | घोड़ेला | जलान्दरा | तूनवाल | नीमीवाल | 9461184957 | |
| दिनेश | BA, ITI | Shop | 10.8.99 | 5'3'' | खेरानिया | कारगवाल | बासनीवाल | मारवाल | 9950323598 | नागौर |
| धीरेन्द्र | B.com. | Shop | 21.9.96 | 5'2'' | नरानिया | गैदर | सिरसवा | लोडवाल | 9414468783 | नागौर |
| नटवर | M.A. | Self Employed | 1.1.86 | 5'9'' | करोड़ीवाल | नागा | कारगवाल | धमुनिया | 9460871646 | जयपुर |
| निखिल | B.Com. | ITC Distributor | 12.12.93 | 5'6'' | भोरोदिया | घोड़ेला | कठूज़्बरा | कुलगरिया | 9521466151 | चाकसू |
| रामधन | B.Tech. | Private | 7.11.94 | 5'8'' | घोड़ेला | खोरानिया | तूंदवाल | मारोठिया | 9252968481 | इन्दौर |
| गर्वित | M.Tech.(IIT) | Govt, Employee | 25.11.90 | 5'6'' | बालोदिया | नागा | बासनीवाल | दौराया | 9983340103 | जयपुर |
| दिनेश | B.Sc. | Private | 14.5.95 | 5'8'' | मदाणिया | मारवाल | ट्टवाडिया | देवतवाल | 7792872904 | जयपुर |
| पुनीत | M.Tech. | Asst. Profesor | 1.2.94 | 5'8'' | कारगवाल | खात्री | खोरानिया | गुलाटी | 9829234655 | जयपुर |
| नितीन | M.A., Compter | Business | 14.8.90 | 5'7'' | आसोला | जायलवाल | ककड़वाल | नीमीवाल | 9214527503 | अजमेर |
| शुभम | B.A. | Hardware shop | 19.12.93 | 6'0'' | धुंधारिया | किरोड़ीवाल | जलान्दरा | नीमीवाल | 9460204152 | श्रीगंगानगर |
| मनीष | M.A. | Team Manager | 18.9.90 | 5'7'' | आसोला | धनारिया | काकड़वाल | दज़्बीवाल | 9314912600 | अजमेर |
| सुमेर | M.Sc. | Teacher | 3.5.95 | 5'8'' | धमनिया | चांदोला | तिलायचा | मावर | 7791828677 | बिलाड़ा |
| जयप्रकाश | M.A. ITI | Telicom Line | 13.1.93 | 5'5'' | राजोरा | राहोरिया | मारोठिया | बेडवाल | 9462660949 | जोबनेर |
| प्रेमसुख | B.Tech. | MCC incharge | 21.7.98 | 5'7'' | किरोड़ीवाल | राजोरिया | झुंझुनोदिया | पचेरवाल | 9784145510 | कुचामन |
| जितेन्द्र | B.Sc. ITI | Sales Manager | 18.5.97 | 5'8'' | गोठवार | चौधरी | मेरावण्डिया | बबेरीवाल | 7692812921 | मन्दसौर |
| सिद्धान्त | B. Tech.(El.) | Technologist | 29.9.92 | 5'10'' | लोहरवाड़िया | खन्टाडिया | तूंदवाल | - | 9828289376 | जयपुर |
| अक्षत | M.Com. | UDC | 10.7.94 | 5'5'' | मारवाल | खोरानिया | भदाणिया | छापोला | 9828041525 | जयपुर |

## युवतियाँ

| नाम | शिक्षा | व्यवसाय | जन्म | ऊंचाई | गौत्र | | | | सज़्पर्क सूत्र मो. नज़्बर | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | स्वयं | माता | दादी | नानी | | |
| लीना | M.Com. | - | 30.6.97 | 5'2'' | बैथाड़िया | बासनीवाल | आसीवाल | जलान्दरा | 9460710467 | जयपुर |
| बबीता | B.A. | - | 4.3.2001 | 5'2'' | देवतवाल | सालड़ीवाल | बालोदिया | माचीवाल | 9667279918 | अजमेर |
| हेमू | (divorce) B.A. B.Ed | - | 15.7.89 | 5'3'' | बोबरिया | अजमेरा | कुसुज़्बीवाल | घोड़ेला | 9571299074 | कोटा |
| नन्दनी | B.A. | - | 14.6.2000 | 5'8'' | किरोड़ीवाल | जेठीवाल | देवतवाल | काग्या | 9414314380 | फुलेरा |
| ऐश्वर्या | B.com., MBA | - | 3.9.96 | 5'7'' | जायलवाल | देतवाल | मारोठिया | नागरिया | 9314770173 | ज़्यावर |
| नीलम | (divorce) M.A. | Dress Desinor | 23.5.92 | 5'4'' | मारोठिया | जलान्दरा | दज़्बीवाल | घोड़ेला | 9166631001 | किशनगढ़रेनवाल |
| मोनिका | B.Com., CS | - | 8.10.89 | 5'4'' | बीनवाल | परमवाल | तूंदवाल | घासोलिया | 7597661851 | कोटा |
| रेबिना | M.Com | - | 12.1.96 | 5'3'' | मारवाल | अनावडिया | ीडानिया | राहोरिया | 9887231651 | जयपुर |
| दुर्गेश | B.Tech.(IT) | Indian Fist Insurance | 1.12.94 | 5'2'' | करोड़ीवाल | सारड़ीवाल | कारगवाल | घोड़ेला | 935138277 | जयपुर |
| आरती | M.A. | - | 21.8.97 | 5'4'' | मारवाल | काज़्या | उजीवाल | कुदाल | 9414518134 | जयपुर |
| मीनू | BCA,M.A. | - | 11.2.92 | 5'4'' | राजोरिया | घोड़ेला | नोखवाल | बड़ीवाल | 9928369557 | अलवर |
| सोनल | B.Com,SC,ICSI | - | 4.4.93 | 5'5'' | मावर | किरोड़ीवाल | बेडवाल | माचीवाल | 7999823948 | अजमेर |
| नीतू | 12th | - | 6.8.95 | 5'3'' | अनावडिया | मारवाल | जलांधरा | दुबल्दिया | 9636069914 | सिलोरा |
| काजल | Fashion Degin | Production company | 18.7.93 | 5'6'' | खडगटा | सिरस्वा | नागा | राजोरिया | 9928560006 | जयपुर |
| हीना | B.A., B.Ed. | - | 29.8.97 | 5'3'' | बबेरीवाल | पीपलोदा | जालवाल | धुवारिया | 9664007021 | आबूरोड |
| डिज़्पल | B.Sc., B,Ed. | - | 22.1.2000 | 5'4'' | अनावड़िया | कुदाल | मारोठिया | किरोड़ीवाल | 6375393803 | किशनगढ़ |

**नोट :** 1. यदि आप अपनों की वैवाहिक जानकारी नि:शुल्क प्रकाशित कराना चाहते हैं तो उक्त कॉलम के अनुसार कार्यालय को जानकारी प्रेषित करें।

2. प्रदत्त सूचना के आधार पर यदि आपके किसी अपने का सम्बन्ध हो जाये तो कृपया 'कुमावत इंडिया' पत्रिका को सूचित करने का कष्ट करें।

# स्वामिनी सेवा संस्था

की ओर से नव वर्ष की **हार्दिक शुभकामनाएँ**





**अशोक कुमावत**
अध्यक्ष
9352070394

| | |
|---|---|
| **गोविन्द वर्मा**<br>मंत्री<br>9001905456 | **किशन कुमावत**<br>कोषाध्यक्ष<br>7793091328 |
| **गुरुदयाल वर्मा**<br>प्रचार मंत्री<br>9314246781 | **महेन्द्र कुमावत**<br>सहायक मंत्री<br>946007186 |

**आओ मिलकर जरूरतमंदों की सेवा करें।**

Swamini Sewa Sanstha
A/C No. 6113247509, IFSC Code-KKBK0003457
Kotak Mahindra Bank

**31, कुमावत कॉलोनी, ईएसआई हॉस्पिटल के सामने, कुमावत स्कूल के पीछे, सोडाला, जयपुर**


## लोकेश कुमावत शहीद



सेना की इम्फाल यूनिट में पदस्थ मातृभूमि के वीर सपूत लोकेश कुमावत के वीरगति को प्राप्त हुए। इनकी अन्तिम यात्रा रतलाम में हजारों लोग सम्मिलित हुए। शहीद लोकेंद्र कुमावत को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से सादर श्रद्धाञ्जलि।

**शहीद लोकेश के परिवार को 1 लाख रु. की सहायता दी :** ग्राम मावता, तहसील पिपलोदा, जिला रतलाम के लोकेश कुमावत देश की सेवा करते हुए गत 1 दिसम्बर 2021 को शहीद हो गए थे। वरिष्ठ समाजसेवी कुमावत गणेश डूंगरवाल ग्राम अरेन्डिया जिला इंदौर की ओर से उनके परिवार को 1 लाख रुपये की सहायता राशि 7 दिसबंर 2021 प्रदान की गई।




## नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ



मिट्ठन लाल कुमावत



अमरचन्द कुमावत
9782007771



डिम्पल कुमावत
9660083260






# जय बालाजी फैब्रिक्स

*हमारे यहां पर सभी प्रकार के फैन्सी फैब्रिक्स, पॉपलिन, मैचिंग टेरीरूबिया, सुपर आदि उचित रेट पर उपलब्ध हैं।*

**बी-113, सजना टावर, श्रीरामनगर, महाराणा प्रताप स्कूल के पास, झोटवाड़ा, जयपुर**

## कांकरोली कुमावत समाज ने वसुधंरा राजे का स्वागत किया



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का कुमावत समाज सभा भवन पर पदाधिकारियों ने साड़ी, इकलाई व गुलदस्ता भेंटकर अभिनंदन किया। महासभा के पूर्व युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य गिरिराज खनाडिया, शंकरलाल मेरावंडिया, महिला जिलाध्यक्ष एवं पार्षद तरुणा कुमावत, पीपली उप-सरपंच मुकेश सिंगणवाल, कांकरोली समा के अध्यक्ष भगवती लाल धनारिया, तिलोक साबलिया, कस्तूरचन्द रेवाड़िया, पूर्व मंडल महामंत्री देवलीलाल एमडी, कैलाश पडियार, किशन खनाडिया कांकरोली आदि मौजूद थे।

## CDS जनरल बिपिन रावत व अन्य कुन्नूर में हेलीकाप्टर दुर्घटना में शहीद

तमिलनाडु के कुन्नूर में ध्ष्ठस् जनरल बिपिन रावत जी एवम उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मधुलिका जी रावत तथा 13 अन्य सैन्य अधिकारियों व कर्मियों की एयरफोर्स के MI 17 V5 चॉपर हेलीकॉप्टर क्रेश में 8 दिसम्बर 2021 को असामयिक मृत्यु हो गयी। जनरल बिपिन रावत डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन के स्टूडेंट्स ऑफिसर्स से संवाद करने के लिए निर्धारित दौरे पर थे। उन्होंने सेलूर एयरबेस से वेलिंगटन के लिए उड़ान भरी थी। 10 दिसम्बर को पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ दिल्ली में अंतिम संस्कार किया गया तथा उनकी बहादुर बेटी ने उन्हें मुखाग्नि दी। 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से सादर श्रद्धांजलि।

## नरेश कुमावत ने CDS बिपिन रात की मूर्ति बनाई



मूर्तिकार नरेश कुमावत ने CDS बिपिन रावत की उनकी अंत्येष्ठि से पूर्व मूर्ति बना कर उन्हें जीवंत कर दिया जिससे वो हमारे बीच रहे व हमें उन जैसा बनाने की प्रेरणा मिल सके। मूर्ति बना कर उन्होंने CDS बिपिन रावत को सादर श्रद्धाञ्जलि दी। **ये अब तक 250 से अधिक शहीदों की बिना किसी शुल्क के मूर्ति बना चुके है।** उनका कहना है कि ये हमारे रक्षक है तथा सदैव हमारे दिलों में रहते है।

नरेश कुमावत के इस जज्बे की 'कुमावत इंडिया' पत्रिका प्रशंसा करती है।

श्रद्धांजलि



हमारे प्रिय उपमंत्री

# सिद्धार्थ वर्मा (घोड़ीवाल)

( पुत्र श्री मोहन कुमार घोड़ीवाल )

निवासी मालवीय नगर, जयपुर

के असमायिक निधन पर

अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

श्रद्धान्वत

समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य

**कुमावत क्षत्रिय समाज विकास समिति, मालवीय नगर, जयपुर**

# श्रद्धांजलि



12वीं पुण्य तिथि ( 16.12.2021 )

## स्व. कल्पना देवी धुंधारिया

धर्मपत्नी नानगराम कुमावत

मो. 9529656211

स्वर्गवास: ( 16.12.2009 )

हम समस्त परिजन अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते है।


दोरानी-देवर : सुलोचना-कस्तुरमल कुमावत
कल्पना-मुन्नालाल कुमावत
बहू-भतीजे : दीप्ति-पवन, कीर्ति-मोहित
पौत्र : काव्यांश ( कन्नू ) एवं पौत्री नाईशा, मीराया
ननद-नन्दोई : बसन्त-नारायण प्रकाश वर्मा
पुत्री-दामाद : पूनम-महेन्द्र बिरथलिया आस्ट्रेलिया, नीतू-भरत राहोरिया, पूना
निकिता-योगेन्द्र राजोरिया, जयपुर

सौजन्य - कुमावत ( खड़गटा धुंधारिया )
जनमंगल सेवा ट्रस्ट ( रजि. ) जयपुर

---

हमारे प्रिय

## सिद्धार्थ वर्मा (घोड़ीवाल)



( पुत्र श्री मोहन कुमार घोड़ीवाल )
निवासी मालवीय नगर, जयपुर
के असमायिक निधन पर
अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

**श्रद्धान्वत**

चन्द्र प्रकाश अजमेरा, लक्ष्मीनारायण घोड़ीवाल
सुरेन्द्र बाबू घोड़ीवाल, मनीष घोड़ीवाल
गौरव अजमेरा

**मालवीय नगर, जयपुर**

---



स्व. 12.01.1993
29वीं पुण्यतिथि 12.01.2022



स्व. 06.11.2010
11वीं पुण्यतिथि 6 नवम्बर 2021

## स्व. श्री भौंरीलाल जी नागा    स्व. श्रीमती धन्नी देवी नागा

*हम समस्त परिजन अश्रुपुरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।*

श्रृद्धान्वत

पुत्र-पुत्रवधु : सुरेन्द्र कुमार - विजयकुमारी
पौत्र-पौत्रवधु : संदीप - प्रतिमा
पौत्री-दामाद : सीमा-मुकेश वर्मा ( बासनीवाल ), मुम्बई
कविता-पंकज वर्मा ( मारोठिया ), मुम्बई
पड़पौत्रियाँ : कामाक्षी, रूपल
पड़दोहिते-पड़दोहीतियाँ : सोहिल सिंह, तनिष्क, दर्शिता
एवं समस्त नागा परिवार

सौजन्य :
**श्री बी.एल. नागा जनकल्याण चेरीटेबल ट्रस्ट**
डी-114-ए, सिवाड़ एरिया, बापू नगर, जयपुर
मो. : 9414994006, फोन : 0141-2709925

---

सत्यनाम सत्य कबीर





स्व. 19.12.1971

परम श्रद्धेय पूज्यनीय गुरु

## महन्त श्री रघुनाथदास जी महाराज

की
50वीं पुण्यतिथि
19 दिसम्बर 2021
पर
*हार्दिक नमनः एवं श्रद्धांजलि*

श्रद्धावनत :
महन्त परशुराम स्वामी
**कबीर विचार मंच**
कबीर भवन, मोती डूंगरी, जयपुर-4
मों. 98290-62254

---



05.04.1935-22.12.2016

पंचम पुण्यतिथि

## स्व. श्री घनश्याम जी किरोड़ीवाल

22 दिसम्बर, 20201

की चतुर्थ पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारजन आपको
शत्-शत् नमन करते हुए अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

*"आपका स्नेह, ईश्वर भक्ति, सेवा भावना एवं प्रेरणादायक चरित्र सदैव हमारा मार्ग दर्शन करता रहेगा।"*

श्रद्धान्वत

धर्मपत्नी : श्रीमती रामप्यारीदेवी, भ्राता : हरीश वर्मा
पुत्र-पुत्रवधु : कैलाश-चन्द्रकला, महेश-सुमित्रा, राजकमल-मधु, सुरेश-मंजू, रमेश-ललिता
पुत्री-दामाद : कमला-रामप्रकाश जी, इन्दु बाला-शंभूदयाल जी, शकुन्तला-ताराचन्द जी, नीलम-दामोदर जी
पौत्र : अमित, सुमित, विष्णु ( सागर ), अभिषेक, सूर्यकान्त, राहुल, आकाश, केशव
एवं समस्त परिवारजन

सौजन्य से :
**छोटेलाल एण्ड सन्स | अल्पना इण्डस्ट्रीज | मोना आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट | डायमण्ड फोटो स्टेट इन्स्टीट्यूट | जैम आर्ट्स क्रिएशन**

मो.: 9314602556

# राजस्थान क्षत्रिय कुमावत युवा शक्ति समिति

## जयपुर शहर की ओर से नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं 2022


पंकज सिरोहिया
जिला अध्यक्ष


महेन्द्र कुमावत
जिला परामर्शदाता


किशनलाल कुमावत
जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष


सुरेन्द्र कुमावत
जिला उपाध्यक्ष


गगन गुडीवाल
जिला उपाध्यक्ष


रामकिशोर कुमावत
जिला महासचिव


महेश कुमार कुमावत
जिला सचिव



अशोक कुमार कुमावत
जिला सह-सचिव


राकेश कुमार कुमावत
वरिष्ठ विधि सलाहकार


अभिषेक कुमावत
जिला विधि सलाहकार


अनिल कुमार कुमावत
जिला प्रचार मंत्री


महेश कमार कुमावत
सह-संगठन मंत्री


अभिषेक घोड़ेला
आईटी सेल सदस्य


प्रमोद कुमावत
आईटी सेल सदस्य


पृथ्वीराज कुमावत
जिला शिक्षा प्रचार मंत्री


देवाराम कुमावत
कार्यकारिणी सदस्य


कालूराम कुमावत
कार्यकारिणी सदस्य


मूलचंद कुमावत
कार्यकारिणी सदस्य


जगदीश कुमावत
कार्यकारिणी सदस्य


हीरालाल कुमावत
कार्यकारिणी सदस्य


विक्रम कुमरपत
इकाई अध्यक्ष सांगानेर

**New Bhajan "Krishna Krishna Bol" is Now Playing On Our Youtube Channel**




Subscribe /MOHANKUMARBALODIA
Follow /MOHANKUMARBALODIA
Follow /MOHANKUMARBALODIA
mohankbalodia@gmail.com
9829089930
9829089930



Rakesh Sirohiya

# Harinarayan Premraj

**Manufacturers & Suppliers**

Sandal Wood, Rose Wood, Abony & Plain Wood Articals,
Silk, Paper, Gem Stone, Marble Painting, Agarbatti etc.



Near Hotel Rajputana Palace Shereton, Digamber Jain Temple,
Railway Station, Jaipur-302006 (INDIA) Ph.: 0141-2374530 | Mob.: +91 9829405503
Email : harinarayanpremraj@gmail.com

"ग्राहक की सन्तुष्टि ही हमारी साख"




# श्री गणपति क्रिएशन

सभी प्रकार के खिलौने एवं घरेलू
प्लास्टिक आईटम्स उचित मूल्य
पर उपलब्ध है।

एक बार सेवा का अवसर दें।

प्रो राकेश सिरोहिया, मो. 9829405503

दुकान नं.-10, दिव्या मार्केट (भारत गैस गोदाम के सामने) निवारू रोड, झोटवाड़ा, जयपुर-302012

# Shubh Laxmi Crane & Engineers


(Formally Know as Shri Laxmi Crane Service )

All India Equipments Rental Service Provider






**Jai Kishan Kumawat**
+91- 9829125428
+91- 9887011175



**Shankar Lal Kumawat**
+91- 9887227775



**Mukesh Kumar Kumawat**
+91- 9887337775

**H.O.**
Shree Heera Bhawan, Dholi Mandi
Chomu-303702 Distt. Jaipur (Rajasthan)

**B.O.**
Near Patwar Bhawan,Village - Kawas
Distt. Barmer - 344035 (Rajasthan)

shreelaxmicranes@gmail.com
shubhlaxmicrane@gmail.com

www : shrilaxmicrane.com

Graphic By : Art point # 9928064300


RNI - RAJHIN/2017/74285

प्रेषक: कुमावत इंडिया पत्रिका
एफ 31/ए, एस. एल. मार्ग,
लाल बहादुर नगर-प., दुर्गापुरा, जयपुर - 302018